शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 90 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net


प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# 'एक-एक वोट भारत को मजबूती देने की गारंटी'

## कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी: मोदी

**शाहजहांपुर**
आंवला के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार शाम को शाहजहांपुर पहुंचे। उन्होंने यहां बरेली मोड़ स्थित मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जहां अपनी सरकार के कामों को गिनाया तो वहीं सपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर तंज कसे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत माता की जय से अपना संबोधन शुरू किया। शाहजहांपुर के शहीदों को नमन किया। कहा कि मैं क्रांतिकारियों की जननी शाहजहांपुर की धरती को नमन करता हूं। 24 का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है। यह मोदी की गारंटी से भी ज्यादा गारंटी है। इस बार आपको अपने वोट देशविरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश देना है। आपका वोट ही आतंकवाद को काबू में रखेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जहां सामान्य सड़कें नहीं थीं। आज वहां एक्सप्रेसवे गुजर रहे हैं। गंगा एक्सप्रेसवे की नींव भी शाहजहांपुर में रखी गई थी। इस विकास ने लखनऊ और दिल्ली की दूरी कम की है। यह क्षेत्र डिफेंस कॉरिडोर से भी जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में गन्ना किसान का भुगतान समय पर होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है। इनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं? हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता है। कहा कि हमने चार करोड़ गरीबों को पीएम आवास के तहत घर दिए हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाओं के नाम पर बनवाए गए हैं।



### राम को ही नहीं श्याम को भी नहीं छोड़ा: मोदी

**प्रधानमंत्री ने** कहा कि इन्होंने राम को ही नहीं श्याम को भी नहीं छोड़ा। भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका पानी के नीचे है। डूब गई है। पानी के नीचे गया। पत्थरों को छूकर आशीर्वाद लिया। हैरान हूं कि सपा के लोग खुद को यदुवंशी कहते हैं वो भी श्री कृष्ण की बेइज्जती करने वालों की आरती उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल पहले सपा और कांग्रेस वाले कहते थे कि ये भाजपा वाले बड़ी बड़ी बातें करते हैं। राम मंदिर के नाम पर चिढ़ाते थे। गाली देते थे। आपके आशीर्वाद से रामलला का मंदिर बनवाया।

### कांग्रेस नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं: पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि पहले लखनऊ-कानपुर आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा-कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम किया ही नहीं, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं। यही नहीं, सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे उनको जेल से रिहा करवाने के लिए भांति-भांति के कानूनी रास्ते खोज रहे थे।



प्रधानमंत्री ने कहा कि सपा वालों ने कारसेवकों पर गोलियां चलवाईं थीं। कांग्रेस वाले राम मंदिर बनने से रोक रहे थे। मंदिर निर्माण को रोकने के लिए सपा कांग्रेस ने कई पाप किया।

इनके पाप माफ करके मंदिर के ट्रस्टी ने घर जाकर निमंत्रण दिया। राम मंदिर का निमंत्रण मिलना सात जन्मों के पुण्य है। इन्होंने इसे भी ठुकरा दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है। कर्नाटक मॉडल यह है कि ओबीसी को जो 27 प्रतिशत कोटा मिला हुआ है, उसी में से मुस्लिमों की जातियों को दे दिया गया है। कर्नाटक के सभी मुसलमानों को एक कागज पर ठप्पा मारकर उन सबको ओबीसी बना दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा मॉडल आपको मंजूर है?

### जब चुनाव की बारी आती है तो राहुल गांधी को याद आते हैं हमारे आराध्य : स्मृति



अमेठी
केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी पिछले 10 दिनों से अमेठी लोकसभा क्षेत्र में जन सम्मेलन का जनता से मुलाकात कर रही हैं। इस दौरान गुरुवार को स्मृति ईरानी जामों ब्लॉक क्षेत्र में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह खबर चल रही है कि 26 तारीख के बाद राहुल गांधी आएंगे। जब चुनाव की बारी आती है तो उन्हें हमारे आराध्य याद आते हैं। इसी के साथ एक और खबर चल रही है कि वह पहले रामलला के पास जाएंगे। वायनाड में लड़ रहे थे तो उसी को अपना परिवार बता दिए। लोगों को रंग बदलते मैंने देखा है लेकिन परिवार बदलते पहली बार देखा है। अब कहेंगे एक परिवार वायनाड में है एक परिवार अमेठी में है। उन्होंने कहा कि औरत का जब ब्याह हो जाता है तो वह ससुराल को सबकुछ मान लेती है, लेकिन फिर भी वह अपने मायके को नहीं छोड़ती है। स्मृति ने कहा कि यह तो 15 साल जीत कर लापता थे और हारकर 5 साल भाग गए। मैं तो हार कर भी यहीं अमेठी में थी और जीत कर भी गौरीगंज में अपना मकान बना लिया। 26 तारीख के बाद पहले राम मंदिर जाएंगे। देखो प्रभु की लीला यह वही राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा हैं, जिनके परिवार ने देश के न्यायालय में यह दस्तावेज दे दिया था कि भगवान राम का कोई अस्तित्व नहीं है। यह वही राहुल गांधी और प्रियंका गांधी हैं जिन्होंने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को ठुकरा दिया।

### संदेशखाली मामला : पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**कोलकाता**
पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में जमीन हड़पने और यौन उत्पीड़न के मामले में सीबीआई ने पांच प्रभावशाली लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला भूमि हड़पने को लेकर है, जहां पीड़ित परिवार की महिलाओं का यौन उत्पीड़न भी किया गया था। हालांकि, सीबीआई ने अभी तक पांचों आरोपियों के नामों का खुलासा नहीं किया है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 10 अप्रैल को संदेशखाली में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की अदालत की निगरानी में सीबीआई जांच का आदेश दिया था। उन्होंने कहा कि न्याय के हित में निष्पक्ष जांच जरूरी है। बता दें कि सीबीआई ने ऐसे मामलों में शिकायत करने के लिए एक ईमेल आईडी भी जारी की थी। इसके जरिए सीबीआई को बड़ी संख्या में शिकायतें प्राप्त हुई।
सीबीआई ने आरोपों का पता लगाने के लिए संदेशखाली में एक टीम भेजी थी, जहां आरोपों को प्रथम दृष्टया सत्यापित किया जा सके। हिंसाग्रस्त क्षेत्र के दौरे के दौरान सीबीआई ने भूमि हड़पने और महिलाओं पर हमले के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी।

**क्या था मामला**
कोलकाता से 100 किमी दूर सुंदरबन के सीमावर्ती इलाकों में बसा संदेशखाली में पिछले एक साल से हिंसा जारी है। दरअसल, गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे। इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

### शरद पवार ने जारी किया घोषणा पत्र

**मुंबई**
लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार (एनसीपी-एससीपी ) ने गुरुवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। घोषणापत्र में महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। साथ में घोषणापत्र में एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है। बता दें, पार्टी ने अपने घोषणापत्र का नाम एससीपीथ पत्र रखा है।

## राहुल गांधी की अपील संविधान बचाने के लिए करें मतदान

**नई दिल्ली**
आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी



तकदीर बदल देगी। राहुल गांधी ने पांच गारंटियों की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस भर्ती भरोसा और 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति, हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप और पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी देती है।
गांधी ने कहा कि कांग्रेस गिग इकॉनोमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी देती है। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को 102 लोकसभा क्षेत्र में मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया।


## जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक हित के लिए भी इस्तेमाल की जा सकती है निजी संपत्ति: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**
**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा है कि निजी संपत्ति का इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक हित के लिए भी किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 9 सदस्यीय बेंच ने ये टिप्पणी की है। दरअसल, 9 सदस्यीय संविधान बेंच इस सवाल पर विचार कर रही है कि क्या किसी की निजी संपत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39बी और 31सी के तहत सामुदायिक भौतिक संसाधन माना जा सकता है। क्या इसका इस्तेमाल सरकार सार्वजनिक हित के लिए किया



जा सकता है। अनुच्छेद 39बी में कहा गया है कि सरकार अपनी नीति ऐसी बनाएगी कि सामुदायिक भौतिक संसाधनों को वितरण ऐसे हो, जिससे आम जनता का हित सध सके। कोर्ट में मुंबई के प्रोपटी ऑनर्स एसोसिएशन सहित अन्य पक्षकारों ने दलील दी है कि संवैधानिक प्रावधान के नाम पर राज्य के अधिकारी निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकते हैं। एसोसिएशन का कहना है कि अनुच्छेद 39बी और 31सी की संवैधानिक योजनाओं के तहत संपत्ति पर कब्जा नहीं किया जा सकता है।
नौ सदस्यीय संविधान बेंच में चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस ऋषिकेश राय, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस सुधांशु धुलिया, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस एजी मसीह हैं।

## 10 हेक्टेयर से बड़ी 2431 झीलों में से 676 के आकार में हुई वृद्धि



**नई दिल्ली**
बढ़ते तापमान के कारण हिमालय में बर्फ तेजी से पिघल रही है और ग्लेशियर से बनीं 27 फीसदी झीलों के आकार में 1984 के बाद खतरनाक रूप से वृद्धि हो रही है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की रिपोर्ट के मुताबिक, यह जारी रहा तो भयावह बाढ़ की त्रासदी का कारण बन सकता है। इसरो के अनुसार, 2016-17 के दौरान 10 हेक्टेयर से बड़ी 2,431 झीलों की पहचान की गई थी। उपग्रह चित्रों से पता चलता है कि इनमें से 676 झीलों के आकार में 1984 के बाद वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, ग्लेशियर से बनीं झीलों को उनकी निर्माण प्रक्रिया के आधार पर चार श्रेणियों में बांटा जाता है। हिमोढ़ बांध (मोराइन से रोका गया पानी), बर्फ बांध (बर्फ से रोका गया पानी), कटाव और अन्य ग्लेशियर से बनीं झीलें। ग्लेशियर से बहाकर ले जाने वाले मलबे को मोराइन कहा जाता है। आकार में बढ़ोतरी वाली 676 झीलों में से 307 हिमोढ़ बांध श्रेणी की हैं। इसके बाद 265 कटाव, 96 अन्य और बर्फ बांध यानी ग्लेशियर से बनीं आठ झीलें हैं। 676 झीलों में से 601 का आकार दोगुने से अधिक हो गया है, जबकि 10 झीलें डेढ़ से दो गुना और 65 झीलें 1.5 गुना बढ़ी हैं। इनमें से 130 भारत में हैं, जिनमें 65 सिंधु नदी घाटी में, सात गंगा नदी घाटी में और 58 ब्रह्मपुत्र नदी घाटी में हैं। ऊंचाई आधारित विश्लेषण से पता चला है कि 314 झीलें चार से पांच हजार मीटर की सीमा में और 296 झीलें पांच हजार मीटर से ऊपर की ऊंचाई पर हैं। 4,068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित घेपांग घाट ग्लेशियर झील (सिंधु बेसिन) के आकार में 1989 से 2022 के बीच 36.49 हेक्टेयर से 101.30 हेक्टेयर तक यानी 178% की वृद्धि हुई है।

## 'दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही'

**नई दिल्ली**
थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि नई प्रौद्योगिकियां प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई हैं, इसलिए आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं। थल सेनाध्यक्ष ने प्रौद्योगिकी सक्षम भविष्य के लिए तैयार सैन्य बल में



परिवर्तन की दिशा में अपना प्रयास जारी रखने के उद्देश्य से भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दोहराया। थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) की ओर से मानेकशॉ सेंटर में प्रौद्योगिकी समावेशन का वर्ष, सैनिकों का सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में रक्षा क्षेत्र के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत हार्डवेयर जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों तथा रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों को एक मंच प्रदान किया गया।

## डोभाल ने रूसी समकक्ष से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की

**नई दिल्ली/मॉस्को**
भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बुधवार को रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव से द्विपक्षीय सहयोग पर जारी प्रगति की समीक्षा की। साथ ही आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। डोभाल की यह इस माह पेत्रुशेव से दूसरी बार मुलाकात है। मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के मौके पर पेत्रुशेव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। पोस्ट में कहा गया है, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डोभाल ने 22 मार्च को मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए बर्बर आतंकी हमले की निंदा की थी।

## चीन के साथ पर्दे के पीछे बात कर रही तिब्बत की निर्वासित सरकार

**धर्मशाला**
तिब्बत की निर्वासित सरकार पर्दे के पीछे चीन की सरकार से बात कर रही है। इससे संकेत मिल रहे हैं कि दोनों ही पक्ष लंबे समय से अटकी पड़ी द्विपक्षीय बातचीत को फिर से शुरू करने के इच्छुक हैं। तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाई लामा और चीन की सरकार के बीच पहले भी बातचीत हो चुकी है, लेकिन तिब्बत में चीन विरोधी प्रदर्शनों और चीन की तिब्बत के प्रति कट्टर सोच के चलते वह बातचीत बेनतीजा समाप्त हो गई थी। उसके बाद से दोनों पक्षों में कोई बातचीत नहीं हुई थी।

**पर्दे के पीछे चल रही दोनों पक्षों की बातचीत**
भारत के धर्मशाला में चल रही तिब्बत की निर्वासित सरकार सेंट्रल तिब्बतन एडमिनिस्ट्रेशन (सीटीए) के प्रधानमंत्री पेंपा



शेरिंग ने चीन के साथ अनौपचारिक बातचीत चलने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि उनके वातार्कार चीन के लोगों से बात कर रहे हैं, लेकिन अभी इस बातचीत से कोई नतीजा निकलने की उम्मीद करना गलत है। शेरिंग ने बताया कि 'हम बीते साल से पर्दे के पीछे बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अभी इससे उम्मीद करना बेमानी है। यह एक लंबी प्रक्रिया है। मेरे वातार्कार चीन के लोगों से बात कर रहे हैं।' सीटीए के एक अन्य वरिष्ठ नेता ने बताया कि चीन के साथ बातचीत ही तिब्बत मुद्दे का समाधान कर सकती है। उन्होंने कहा कि भारत और चीन के बीच सीमा पर जो तनाव चल रहा है, उससे तिब्बत का मुद्दा भारत में फिर से चर्चा में आ गया है। तिब्बत की निर्वासित सरकार के प्रधानमंत्री शेरिंग ने कहा कि 'भारत की विदेश नीति अब काफी प्रभावी हो गई है। दुनियाभर में भारत का प्रभाव भी बढ़ा है। ऐसे में हम चाहते हैं कि भारत, तिब्बत के मुद्दे को लेकर ज्यादा मुखर होकर बात करे।'

**दलाई लामा और चीन सरकार के भी हो चुकी है बातचीत**
गौरतलब है कि साल 2002-2010 के बीच भी तिब्बत के सर्वोच्च धर्मगुरु दलाई लामा के प्रतिनिधियों और चीन की सरकार के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई थी। यह बातचीत नौ दौर तक चली थी, लेकिन इसमें कोई नतीजा नहीं निकल सका। उसके

## बेटा पुलिस केस में फंस गया है, छुड़ाना है तो 25 हजार दो, व्हाट्सएप पर लगा रखी थी आईपीएस की डीपी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आपका बेटा पुलिस केस में फंस गया है। उसे छुड़ाना है तो 25 हजार रुपये तुरंत दीजिए। ऐसा नहीं किया तो पिटाई तो होगी ही, करियर भी खराब हो जाएगा।

बुधवार को सेंट जोसेफ कॉलेज के एक छात्र की मां के पास अज्ञात नंबर से फोन कर यह सूचना दी गई तो उनके होश उड़ गए। वह भागते हुए स्कूल पहुंची तो बेटा सकुशल मिला। तब पता चला कि यह साइबर ठगों की करतूत थी। फिलहाल कॉलेज प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी है।

कॉलेज प्रबंधन के मुताबिक, छात्र के मां के मोबाइल पर सुबह एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को थाने का एसएचओ बताया।

कहा कि उनका बेटा एक शर्मनाक हरकत करते हुए पकड़ा गया है और उसे थाने में रखा गया है। उसे पिटाई और जेल जाने से बचाना है तो 25 हजार रुपये देने होंगे। मां यह सुनकर घबरा गई। उसने इसकी जानकारी दी तो पति भी आ गए। इसके बाद पति-पत्नी भागते हुए स्कूल पहुंचे जहां बेटा सुरक्षित मिला। तब पता चला कि यह साइबर ठगों की करतूत थी। उन्होंने कॉलेज प्रशासन को घटना की जानकारी दी। कॉलेज के प्रधानाचार्य फादर थॉमस ने बताया कि मामले की जानकारी सिविल लाइंस पुलिस को दी गई है। अभिभावकों को भी इस संबंध में एसएमएस से जागरूक किया गया है। इंस्पेक्टर रामाश्रय यादव ने बताया कि जांच की जा रही है।

### डीपी में लगा रखी थी आईपीएस की तस्वीर

जिस नंबर से छात्र की मां के पास कॉल आया, उसकी डीपी में आईपीएस अफसर की तस्वीर लगी हुई थी। खास बात यह कि कॉलर ने खुद को एसएचओ बताया जबकि तस्वीर किसी आईपीएस अफसर की लगा रखी थी। डीसीपी नगर दीपक भूकर बताते हैं कि वर्तमान में लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। अभिभावकों को चाहिए कि ऐसी किसी भी कॉल पर भरोसा न करें। पहले स्कूल या संबंधित स्थान पर पहुंचकर खुद पता लगाएं। सूचना किसी परिजन के बारे में है तो उससे संपर्क करने की कोशिश करें। ऐसे मामलों में साइबर अपराधी आपकी घबराहट, डर का फायदा उठाते हैं। इन बातों का ध्यान रखा जाए तो काफी हद तक साइबर अपराध का शिकार होने से बचा जा सकता है।

## संगम में नहाते समय डूबकर बालक की मौत, दो बहनों की महंत ने बचाई जान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम में पड़ोसी महिला व बहनों के साथ संगम स्नान करने गए समर गुप्ता (10) की डूबने से मौत हो गई। उसकी दो बहनों को एक महंत ने बचा लिया। हरदोई जिले के आजाद नगर निवासी श्रीकांत गुप्ता परिवार के साथ संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पास झोपड़पट्टी में रहकर राजगीर का काम करते हैं।

समर (10) उनकी दो बेटियों के बीच में इकलौता बेटा था। श्रीकांत ने बताया कि बुधवार दोपहर पड़ोसी मनीषा, उसकी बेटी परी (15), वैशाली (7) व बेटा समर (10) बजरंग घाट पर गंगा स्नान करने गए थे। स्नान करते समय बेटे का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगा। बेटे को डूबते देख उनकी दोनों बेटियां भाई को बचाने गईं तो वह भी डूबने लगीं। पड़ोसी महिला के शोर मचाने पर एक महंत ने गंगा में कूदकर दोनों बेटियों को बचा लिया। जबकि उनका बेटा पानी के अंदर समा गया। थोड़ी देर में जब उसे बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दारागंज इंस्पेक्टर तुषार त्यागी ने बताया कि समर की डूबने से मौत हो गई थी, जबकि डूब रहीं उसकी दो बहनों को बचा लिया गया।

## थाना परिसर में लगी आग, 16 गाड़ियां जलीं

**तेज लपटें उठने से मची अफरातफरी, पुलिस क्वार्टर ने रह रहे लोगों में दहशत**







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद थाना परिसर में भीषण हादसा हो गया। गुरुवार शाम को परिसर में खड़ी गाड़ियों में आग लग गई। जिससे अफरातफरी मच गई। सीज किए और लावारिस मिले वाहनों में आग फैलने से तेज लपटें उठने लगीं। आग की लपटें और धुएं से थाना परिसर में बनी पुलिस कॉलोनी में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। आग धीरे-धीरे करके फैलती गई और 16 वाहनों को चपेट में लिया। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की तीन गाड़ियों ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया।

पुलिसकर्मी भी आग बुझाने के लिए जूझते रहे। दो घंटे में आग पर तो काबू पा लिया गया लेकिन 16 गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। बताया जा रहा है कि बीड़ी या सिगरेट की चिंगारी से परिसर में आग फैली। थाना परिसर में पीपल का पेड़ है, उसकी पत्तियां कूड़े के साथ फैली थीं। सूखी पत्तियां ने आग पकड़ ली। जिसकी वजह से आग की लपटे उठने लगी।

**उठीं लपटें तो दौड़े पुलिसकर्मी**

असल में खुल्दाबाद थाने की पुलिस जो भी वाहनों को सीज करती है या फिर जो भी लावारिस वाहन मिलते हैं, वह थाने परिसर में लाकर खड़ा कर देती है। थाने के सामने ही परिसर में बहुत सारी कारें, बाइकें, टेंपो, ई-रिक्शा आदि को खड़ा किया जाता है। कई वाहन तो काफी सालों पुराने हैं। शाम के वक्त इन्हीं वाहनों में आग फैली और एक के बाद एक गाड़ियों तक लपटें फैलने लगीं।एसीपी कोतवाली मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बहुत सारी गाड़ियों को वहां से जल्द से जल्द हटा दिया गया। आग तेजी से फैली इस कारण 16 गाड़ियां जल गईं। इन गाड़ियों में कारें, बाइक, ई रिक्शा, टेंपो, थ्री व्हीलर शामिल हैं।

## सिर कूच कर नर्स की हत्या के मामले में पुलिस के हाथ खाली

**सर्विलांस के जरिए कातिलों को पकडने की कवायद तेज**

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा/प्रयागराज।** बनारस से मयके जा रही नर्स की मऊआइमा के ग्राम जोगीपुर कौवापुर ऊसर वन विभाग के पास सिर कूची हुई शव बुधवार को पुलिस ने बरामद किया था।जिसकी शिनाख्त रिंकी सिंह 35 वर्ष पत्नी संजय सिंह के रूप में हुई थी। बताया गया है कि रिंकी बनारस में प्राइवेट अस्पताल में नर्स है वह 23 अप्रैल को दो बजे दिन में अपने मयके मनीराम का पूरा बाघराय प्रतापगढ़ के लिए निकली। परन्तु 24 अप्रैल को मऊआइमा के जोगीपुर कौवापुर ऊसर वन विभाग के निकट सिर कूचा हुआ शव बरामद हुआ था। परिजनों के शिनाख्त के बाद पता चला कि मृतका रिंकी तीन बहनों में सबसे बडी थी। उनका कोई भाई नहीं है।रिंकी के दो पुत्रियां एक पुत्र हैं।पति प्रयागराज के खुल्दाबाद सब्ज़ी मंडी में सब्जी का कारोबार करता है जबकि पत्नी रिंकी बनारस में नर्स थी।पति संजय सिंह ने अज्ञात में हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। बताया गया है कि रिंकी का मोबाइल गायब था।उसके जेब में बनारस से प्रयागराज तक रेलवे का टिकट भी था। बताया गया कि कि रिंकी के मोबाइल नंबर को सर्विलांस के आधार पर पुलिस हत्यारों को पकड़ने की कोशिश में जुटी हुई है। परिजनों का कहना है कि उनका किसी से कोई दुश्मनी नहीं है?

## पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल का अपहरण कराने, रंगदारी मांगने, गालियां और धमकी देने के आरोपी जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह की जमानत अर्जी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में चली सुनवाई गुरुवार को पूरी हो गई। मामले की सुनवाई कर रही न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकल पीठ ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। उम्मीद है कि अगले हफ्ते तक फैसला आ जाएगा।

गौरतलब है कि अपहरण मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने जौनपुर की विशेष अदालत से मिली सात साल की सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दाखिल कर अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर जेल से रिहा किए जाने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

### राजनैतिक भविष्य अधर में...

सात साल की सजा के कारण उनका राजनैतिक भविष्य अधर में है। फैसला पक्ष में आया तो संभव है कि वह खुद चुनावी अखाड़े में ताल ठोकें। हालांकि, उनके जेल में रहने के दौरान बहुजन समाज पार्टी ने उनकी पत्नी श्रीकला सिंह को जौनपुर सीट से उम्मीदवार घोषित कर दिया है, लेकिन खुद धनंजय सिंह तब तक चुनाव नही लड़ सकते जब तक हाईकोर्ट इनकी सजा को निलंबित करने का आदेश न दे दे। सुनवाई के दौरान पूर्व सांसद के वकील ने साफ तौर पर कहा था कि उन्हें राजनैतिक द्वेष से मामले में फसाया गया है, जिससे वह लोकसभा का चुनाव न लड़ सकें। बरहाल, मामले ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित हो चुकी है। फैसले के इंतजार के बीच जौनपुर में 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। धनंजय का राजनीतिक भविष्य अदालत के फैसले से ही तय होगा। फिलहाल, बसपा से प्रत्याशी घोषित श्रीकला का मुकाबला भाजपा के कृपा शंकर सिंह और सपा कांग्रेस के इंडिया गठबंधन के बाबू सिंह कुशवाहा से है।

## इलाहाबाद में बढ़ रही नौजवानों की आत्महत्या दुःखद- आरवाईए

**सरकार की नीतियों से बढ़ी हताशा के कारण बढ़ रही नौजवानों में आत्महत्या।**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने इलाहाबाद में बढ़ रही नौजवानों की आत्महत्या पर दुःख व्यक्त करता है। नौजवानों में बढ़ रही आत्महत्या के लिए सरकार की नौजवान विरोधी, शिक्षा विरोधी , भविष्य विरोधी नीतियों को जिम्मेदार मानता है। जिस नीति के कारण नौजवान जीने की कोई उम्मीद ही नहीं कर पा रहा है।

इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के राज्य सचिव सुनील मौर्य ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार नौजवानों को सपना दिखाकर सपने को तोड़ दिया। न तो वर्तमान समय में रोजगार मिल रहा है और न ही भविष्य में मिलने की उम्मीद ही है।कल देवरिया जिले से पढ़ने आयी रिंकी सिंह (23) नैनी के औद्योगिक थाना क्षेत्र स्थित आरके स्कूल ऑफ नर्सिंग में जीएनएम प्रथम वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह स्कूल के हॉस्टल में रहती थी। इससे पूर्व अल्लापुर में भी शिक्षक बनने आई एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली थी। इस शहर के आलावा पूरे देश में नौजवानों की आत्महत्या की घटना तेजी से बढ़ रही है जो देश में भयावह स्थिति को दर्शाती है। इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) ने सरकार से नौजवानों की बढ़ रही आत्महत्या पर रोक लगाने के लिए ठोस कार्रवाई करने की मांग करता है। चल रहे चुनाव में भी नौजवानों की आत्महत्या के सवाल को मजबूती से उठाने के लिए संगठन प्रतिबद्ध है।

## प्रयागराज के सभी अस्पतालों का नवीनीकरण 30 अप्रैल तक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सभी निजी अस्पताल संचालकों को 30 अप्रैल के पहले अपने अस्पताल का नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। इसके लिए एउ (मुख्य चिकित्सा अधिकारी) डॉ. आशु पांडेय की ओर से निजी अस्पताल संचालकों को निर्देशित किया गया है।उन्होंने निर्देशित किया है कि सभी निजी चिकित्सालय, लैब, एक्स-रे तथा सभी पैथी के क्लीनिक संचालक 30 अप्रैल की रात 12 बजे के पहले हर हाल में पंजीकरण करा लें। अन्यथा उसके बाद आवेदन करने वाले अस्पतालों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन करने के बाद सभी प्रपत्रों की हार्डकापी सीएमओ ऑफिस के पंजीकरण कक्ष में उपलब्ध कराएं।

## जागरूकता के साथ लोगों ने लिया मतदान का संकल्प


**अखंड भारत संदेश**

**सहसों/प्रयागराज।** हरि ओम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वधान में सहसों बाईपास पर गुरुवार को एक मतदाता जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें डॉक्टर अमित यादव ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि मतदान हमारा धर्म है देश का सम्मानित नागरिक होने के कारण हमारा कर्तव्य भी है मतदान से बड़ा कोई दान नहीं है। उन्होंने कहा भारत का प्रत्येक नागरिक जो 18 वर्ष की उम्र से लेकर वरिष्ठतम आयु वर्ग के हर एक महिला पुरुष नागरिक को अपने-अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए तथा मत का प्रयोग कर राष्ट्र निर्माण में सहयोग करते अहम भूमिका निभानी चाहिए एवं राष्ट्र को आगे ले जाने में हम सब का परम कर्तव्य है। इस अवसर पर गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने जागरूकता के साथ शत प्रतिशत मतदान करने व कराने का संकल्प भी लिया। गोष्ठी में प्रमुख रूप से चंद्रभान मौर्य, शिवपाल, कुंवर जी, पंकज सिंह, अमन, सुमन निगम, नसीम, सेठ सोहनलाल केसरवानी, अजय, राजेश एवं नीरज पांडे सहित आदि लोग जागरूकता के साथ संकल्प लेते उपस्थित रहे।



## जसरा में पूर्व मुख्यमंत्री की मनाई गई जयंती

**अखंड भारत संदेश**



**जसरा।/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती जसरा बाजार में मनाई गई। जिसमें उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद किया गया।

गुरुवार को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल मिश्रा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डायरेक्टर अनिल मिश्र ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने बारा के विकास में जो कार्य किया वह मील का पत्थर साबित हुआ। उन्होंने कहा कि बारा में नहरों व सड़कों का जाल बिछाकर स्थानीय लोगों को विकास से जोड़कर यहां की समस्याओं को दूर किया है। पूर्व प्रधानाचार्य दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा जन-जन के नायक थे तथा बारा के लोगों से उनका बहुत ही घनिष्ट लगाव रहा। वह लगातार बारा की धरती से विधायक बने और बाद में मुख्यमंत्री भी बने। इस अवसर पर विनोद मिश्रा, अनिल कुमार शुक्ल, वंशराज सिंह, विनोद मिश्रा, गिरजा शंकर कुशवाहा,विशम्भर सिंह ,विजय राज यादव, अनूप शर्मा, राकेश त्रिपाठी आदि दर्जन भर लोग उपस्थित रहे।

## पशु चिकित्सालय में हुआ चरी का वितरण

**अखंड भारत संदेश**



राजकीय पशु चिकित्सालय जसरा में चरी का वितरण किया गया। पशु चिकित्साधिकारी डा0 एसबी सिंह ने बताया कि गोवंशों को स्वस्थ रखने के लिए वर्ष भर हरे चारे की आवश्यकता होती है। वयस्क व दुधारू पशुओं को प्रतिदिन 10 से 15 किलोग्राम हरा चारा प्रत्येक दिन देना चाहिए। यदि पशुओं को वर्ष भर हरा चारा आवश्यक मात्रा में मिल रहा है तो पशुओं के लिए आवश्यक मिनरल व पोषक तत्वों की पूर्ति हरे चारे से हो जाती है। जिससे पशु आहार पर ब्यय को भी कम किया जा सकता है। साथ ही पशु भी स्वस्थ रहेंगे। पशुओं में होने वाली बांझपन की समस्या को दूर करने में हरा चारा बहुत ही उपयोगी होता है। प्रदेश सरकार हरा चारा की बुवाई के लिए प्रदेश के सभी पशु चिकित्सालय के माध्यम से ?बीस पशुपालकों को तीन तीन किलोग्राम चरी का वितरण करने का लक्ष्य दिया है। राजकीय पशु चिकित्सालय जसरा के पशु चिकित्साधिकारी डा0 एसबी सिंह ने जसरा क्षेत्र के बीस किसानों को चरी का वितरण किया गया। डा0 सिंह ने हरे चारे के विषय में तमाम जानकारियां दी। इस अवसर पर फूलचंद्र पटेल,बिन्दू शुक्ला,संतोष कुमारी,बल्लन यादव,रीता सिंह,नीरज यादव,छविनाथ यादव, अर्जुन यादव सहित दर्जनों किसानों ने चरी के बीज का लाभ प्राप्त किया।

## गंगा एवं यमुना नदियों के पानी को और स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के दृष्टिगत बैठक संपन्न



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गंगा एवं यमुना नदियों के पानी को और स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न नाले टैपिंग एवं शोधन के कार्यो की प्रगति समीक्षा आज सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग एवं प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण डॉ. राजशेखर एवं मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की संयुक्त अध्यक्षता में मण्डलायुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नाले टैपिंग एवं शोधन हेतु कराए जा रहे सभी कार्यों पर बिंदुवार चर्चा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए तथा हर स्थान पर मानक अनुरूप पानी में बीओडी एवं सीओडी लेवल सुनिश्चित करने को कहा गया।

## शुआट्स में दो दिवसीय आईसीएआर पब्लिकेशन प्रदर्शनी का उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आईसीएआर (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) प्रकाशन प्रदर्शनी का उद्घाटन बृहस्पतिवार को सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज के केंद्रीय पुस्तकालय में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रति कुलपति (प्रशासन) प्रो. (डॉ.) विश्वरूप मेहरा ने किया। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. मेहरा ने पुस्तकालयों और कृषि अनुसंधान के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने ज्ञान के प्रसार, कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने और इस तरह की प्रदर्शनी को कायम रखने के प्रयासों के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सराहना की। प्रदर्शनी चरण में कृषि के क्षेत्र में नवीनतम प्रकाशनों और अनुसंधान आउटपुट का प्रदर्शन किया गया। आईसीएआर पब्लिकेशन प्रदर्शनी छात्रों, शोधकर्ताओं, शिक्षकों के लिए कृषि अनुसंधान में नवीनतम प्रगति के बारे में जानने का एक मूल्यवान अवसर है।सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स) के लाइब्रेरियन क्रिस्टोफर सुधीर जॉर्ज ने प्रदर्शनी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान भारी संख्या में शुआट्स के छात्र-छात्रायें, शोधकर्ता और फेकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।




## श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में होनहारों का हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**जसरा/प्रयागराज।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा में कक्षा 10 और 12 के मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह में छात्रों का सम्मान विद्यालय के प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्यों द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबन्ध समिति के प्रबंधक बाबू विश्वनाथ प्रसाद गुप्त व अध्यक्ष शिवकुमार वैश्य ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना किया। प्रबंधक श्री गुप्त ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर मेहनत और अनुशासित रहने वाले छात्र ही सम्मानित होते हैं।

विद्यालय में सम्मान पाने वाले हाई स्कूल के छात्रों में अंशू प्रजापति, आदर्श पटेल, द्विज प्रजापति, सौरभ पाल, कृष्णा केसरवानी एवं इंटर के छात्रों में आर्पित केसरवानी,आर्यन,शिव केसरवानी, अंकित पटेल, रितेश प्रजापति, हिमांशु केसरवानी आदि बच्चों को



सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 योगेन्द्र सिंह ने कहा कि शिक्षकों के अथक प्रयास व बच्चों की मेहनत से ही आज स्कूल के बच्चों ने इस मुकाम को हासिल किया है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कुलभूषण मिश्रा,सुनील कुमार साहू, चन्द्रशेखर, नन्हें लाल यादव, रंग लाल यादव,जय सिंह, अचलेंद्र जायसवाल, , रामलखन प्रजापति, विकास केसरी, दयाशंकर यादव, शिव केसरवानी आदि ने भी मेधावी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# महाकुंभ के दृष्टिगत मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने अधिकारियों की उपस्थिति में किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महाकुंभ के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण गुरूवार को मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में किया। सर्वप्रथम जल निगम द्वारा मौजूदा 16 एमएलडी झूंसी एसटीपी परिसर में 50 केएलडी फीकल स्लज सह-उपचार संयंत्र बनाने के कार्यों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान रीटेनिंग वॉल के राफ्ट के सुदृढीकरण को और बेहतर बनाते हुए कार्यों में प्रयोग हो रहे मैटीरियल की थर्ड पार्टी से निरन्तर जांच कराते रहने तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कराने हेतु दो शिफ्ट में मैनपावर तैनात करने का निर्देश दिया गया।इसी क्रम में झूंसी की ओर बनाई जा रही। सीवर लाइन संबंधित कार्यों का भी निरीक्षण किया



गया। निरीक्षण के दौरान कोडल प्रावधान के अनुरूप क्रमवार कॉम्पेक्टेड लेयर में बैकफिलिंग कार्य निष्पादित करने, दो शिफ्ट में मैनपावर तैनात करने तथा साइट-ऑर्डर बुक में निर्देशों को और स्पष्ट रूप से इंगित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने 2700 मीटर लंबे काली रैंप से छतनाग इंटरलॉकिंग एप्रोच रोड को जोड़ने हेतु कराए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया जिसके अंतर्गत साइट से रिजेक्टेड जीएसबी को तुरंत निस्तारित करते हुए साइट पर स्टेज पासिंग रजिस्टर, चेकलिस्ट, सामग्री परीक्षण रिपोर्ट/रजिस्टर बनाए रखने के निर्देश दिए। दशाश्वमेध घाट पर 110 मीटर लम्बाई में बनाया जा रहे पक्के घाट के कार्यों का भी निरीक्षण किया गया तथा निर्माण सामग्री के अनिवार्य परीक्षण हेतु साइट पर एक परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित करने के निर्देश दिए गए। साइट पर उपयोग किए गए कंक्रीट की कंप्रेसिव स्ट्रेंथ का मूल्यांकन करने के लिए टीपीआईए प्रयोगशाला में कंक्रीट क्यूब परीक्षण करने का निर्देश भी दिया गया।मण्डलायुक्त ने तेलियरगंज शिवकुटी पुलिस चेक पोस्ट से गंगा तट तक बनायी जा रही सड़क के निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लीन कंक्रीट की मोटाई तथा नाली के स्टील की लैप लंबाई अधो मानक पायी गई जिस पर उन्होंने नाराज़गी जताते हुये संबंधित अधिकारियों को उसे अति शीघ्र ठीक कराने के निर्देश दिए।

# 31 और स्टेशनों पर मिलेगा 20 रुपये में इकोनॉमी भोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी में रेल यात्रियों को पीनी के पानी की कमी न हो। साथ ही यात्रियों को सस्ता भोजन मुहैया हो सके। इसे लेकर उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में खासी मशक्कत की जा रही है। प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़, टूंडला, मिर्जापुर, सोनभद्र, इटावा समेत अन्य स्टेशनों पर सस्ते भोजन की सुविधा मुहैया कराने के बाद अब रेलवे छोटे स्टेशनों पर यात्रियों को कम दाम में भोजन परोसने की तैयारी में है। इस योजना को अमली जामा पहना दिया गया है। हर रेल यात्री को सस्ता भोजन देने की मुहिम के तहत 20 रुपये वाला इकोनॉमी भोजन प्रयागराज मंडल 31 और रेलवे स्टेशनों पर दिया जाएगा।

## इन स्टेशनों पर खुलेंगे कैटरिंग स्टॉल

इसके लिए कैटरिंग स्टाल खुलने शुरू भी हो गए हैं। चरणबद्ध तरीके से सभी छोटे रेलवे स्टेशनों को इसमें शामिल किया जा रहा है। इसमें मनौरी, जसरा, मितावली, नदरहा, बन्हरौली, गैपुरा, झिंगुरा, मैदान, खैराही, मंडराकर, झींझक, सरसौल, रसूलाबाद, प्रेमपुर, कटोघन, सिकंदरपुर, भोगांव जैसे स्टेशन पर यह व्यवस्था लागू की जाने लगी है। छोटे स्टेशनों पर खानपान सेवा शुरू करने के लिए टेंडर पर टेंडर निकाले जाने लगे हैं।खाना, नाश्ता और पानी अभी यह सुविधा प्रयागराज, कानपुर, अलीगढ़, ग्वालियर, झांसी, आगरा आदि बड़े रेलवे स्टेशनों पर ही है। इस योजना के तहत 20 रुपये यात्रियों को इकोनॉमी भोजन, 50 रुपये में स्नैक्स/कॉम्बो भोजन और तीन रुपये में किफायती पैकेज्ड पेयजल की सेवा की सुविधा के लिए जनरल कोच के पास प्लेटफॉर्म पर स्टॉल लगाने को कहा गया।

# सीएम योगी को जान से मारने की धमकी

## कहा- प्रयागराज में मेरा घर है, चैलेंज दे रहा हूं



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के युवक ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी दी है। इसका वीडियो भी सामने आया है। इसमें कह रहा है- मेरा इमामगंज में घर है। चैलेंज दे रहा हूं, योगी बुलडोजर चलाकर दिखाएं...काट डालेंगे। वीडियो के आधार पर सोशल एक्टिविस्ट सर्वेश कुमार ने बुधवार देर रात आरोपी शमीम उर्फ बबलू के खिलाफ नवाबगंज थाने में एफआईआर कराई। फिलहाल, शमीम फरार है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें बनाई हैं। हालांकि, वीडियो कब का है? इसकी ऑफिशियल पुष्टि नहीं हुई है। शमीम प्रयागराज के लाल गोपालगंज कस्बे के इमामगंज इलाके का रहने वाला है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस उसके घर पहुंची, लेकिन वह घर पर नहीं मिला। पुलिस ने उसके घरवालों से काफी देर तक पूछताछ की। घरवालों से क्या इनपुट मिला? इसका पुलिस ने खुलासा नहीं किया है। शमीम को पकड़ने के लिए गुरुवार रात पुलिस ने प्रयागराज के गद्दोपुर, करेली, बेली, फूलपुर, मऊआइमा में दबिश दी। साथ ही प्रतापगढ़ के कुंडा में भी छापेमारी की।

### शमीम के घरवालों के नंबर सर्विलांस पर

पुलिस शमीम के घरवालों पर नजर रख रही है। सभी के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाए हैं, ताकि शमीम घरवालों से संपर्क करे, तो पुलिस को सूचना मिल जाए। डीसीपी गंगानगर ने बताया- आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। ?वह फरार है, लेकिन जल्द उसकी गिरफ्तार कर ली जाएगी।

# सपा में अखिलेश, डिंपल और जया बच्चन की डिमांड

### अखिलेश, राहुल का संयुक्त रोड शो कराने की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सपा ने भाजपा की तर्ज पर अपने और गठबंधन प्रत्याशी का चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रयागराज की फूलपुर, इलाहाबाद संसदीय सीट पर नामांकन प्रक्रिया के बाद पार्टी यहां अपने अभियान को और तेज करेगी। इस दौरान पार्टी नेताओं की तैयारी है कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ सांसद डिंपल यादव और राज्यसभा सदस्य जया बच्चन को भी प्रयागराज में बुलाया जाए।







प्रयागराज में 25 मई को चुनाव होना है। स्थानीय पदाधिकारियों ने यहां सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, डिंपल यादव, जया बच्चन, पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव, प्रो.राम गोपाल यादव आदि की चुनावी सभाएं नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के बाद करवाने की तैयारी की है।

इन नेताओं में अखिलेश, डिंपल और जया बच्चन की यहां खासी डिमांड भी है। इसे देखते हुए पार्टी की तैयारी है कि डिंपल यादव और जया बच्चन यहां रोड शो में शिरकत करें। इसके लिए इन दोनों ही नेताओं से संपर्क भी किया जा रहा है। रोड शो के संभावित रूट पर मंथन भी किया जा रहा है।वहीं, दूसरी ओर चर्चा इस बात की है कि इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह और फूलपुर संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी अमर नाथ मौर्य के समर्थन में राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों का संयुक्त रोड शो करवाया जाए। रोड शो 20 मई के बाद ही करवाए जाने की पैरवी सपा के नेताओं ने की है।

इसका रूट भी इस तरह से रखा जाए कि दोनों संसदीय सीट की कम से कम एक-एक विधानसभा कवर हो जाए। इसी तरह गंगापार और यमुनापार में भी 20 मई के बाद ही अखिलेश यादव की एक-एक चुनावी जनसभा करवाने का भी अनुरोध पार्टी नेताओं ने किया है।



# भाजपा सांसद प्रत्याशी का मलाक हरहर में हुआ स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**फाफामऊ/प्रयागराज।** मलाक हरहर चौराहे के पास स्थित मंडल पांडेश्वर नाथ धाम कार्यालय पर गुरुवार को फूलपुर भाजपा सांसद प्रत्याशी प्रवीण पटेल का भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ने सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कि फूलपुर लोक सभा की जनता के भरोसे पर पूरी तरह खरा उतरूंगा।

कार्यक्रम में फाफामऊ विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पांडेश्वर नाथ धाम के मंडल अध्यक्ष आचार्य सुशील महराज ने किया। कार्यक्रम संयोजक रामेंद्र पटेल और शशि पटेल ने किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस बार चार सौ के पार से नारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में नीरज त्रिपाठी, आलोक पांडेय,देवेंद्र गिरी, ओम प्रकाश गिरी, राम आसरे उर्फ पप्पू पटेल, नाटे पाल, संचालन सौरभ प्रताप सिंह, धर्मेंद्र पटेल सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में गर्मी ने तोड़ा रिकॉर्ड, पारा 43 डिग्री के पार पहुंचा, 30 जिलों में हीट वेब का अलर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुरुवार को जिले में तापमान इस साल के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया। सारे रिकॉर्ड को तोड़ते हुए तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 29.1 रहा। सड़कों पर सन्नाटा रहा और आसमान से आग बरसती रही। हीट वेब के चलते लोग मुंह में रूमाल बांधकर सड़कों पर देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक इसी तरह की गर्मी और लू चलने की संभावना है।सुबह से ही सूरज ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। गर्मी से लोग बेहाल रहे। दिन में चल रही हल्की हवा सूरज के तेवर के आगे फेल रही। सुबह नौ बजे के बाद सड़कों पर लोग निकलने से परहेज करने लगे। जो लोग जरूरी काम से निकले उन्होंने गर्मी से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह ढककर रखा। मौसम के जानकारों के अनुसार अभी पारा और चढ़ने का अनुमान है।



**प्रयागराज सहित 30 जिलों में हीट वेब का अलर्ट**

अप्रैल माह में पांचवी बार प्रयागराज उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म जिला साबित हुआ है। जिसके चलते बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें प्रयागराज का नाम भी शामिल है। यह अलर्ट 25 व 26 अप्रैल के लिए किया गया है। मौसम विभाग ने भी अनुमान जताया है कि मंगलवार यानि 30 अप्रैल तक तापमान में निरंतर वृद्धि होगी। इसके अलावा मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव के खतरे को देखते हुए अपनी सभी तैयारियां कर ली है।बुधवार की तरह बृहस्पतिवार को भी सुबह से ही तेज धूप ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया। जिसकी वजह से जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। रोजमर्रा के काम को लेकर घर से बाहर निकलने वालों को गर्मी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आलम यह था कि हर 15 से 20 मिनट में गला सूख रहा था। हालांकि इस दौरान चल रही हल्की हवाओं ने थोड़ी बहुत राहत पहुंचाने का काम जरुर किया।सुबह 9 बजे के बाद पूरे दिन तेज धूप लोगों का कड़ा इम्तिहान लेती रही। मौसम वैज्ञानिक व पूर्व प्रोफेसर एचएन मिश्रा का कहना है कि शुक्रवार को मौसम साफ रहेगा। इसके अलावा अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और सर्द हवाओं का असर प्रयागराज में देखने को नहीं मिलेगा।वहीं चिकित्सकों ने गर्मी के प्रचंड रुप को देखते हुए लोगों से जरुरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह दी है। जिसमें शुगर व बीपी के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। इसके अलावा घर से निकलते समय पानी को बोतल अपने साथ रखना जरुरी है। इसके अलावा बाहर का भोजन न करने की सलाह चिकित्सकों ने दी है।

### एसआरएन में डायरिया के दस मरीज भर्ती

तेज गर्मी के साथ डायरिया के मामले भी तेजी से सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में बृहस्पतिवार को स्वरुप रानी नेहरु चिकित्सालय (एसआरएन) में लगभग 1400 मरीज देखे गए। जिसमें 250 मरीज जनरल मेडिसिन के रहे। इनमें करीब 20 मरीज डायरिया के सामने आए। जिसमें 10 के करीब मरीजों को भर्ती करना पड़ा। इसके अलावा अन्य मरीज सर्दी, जुकाम व बुखार के रहे।

# जन्म मृत्यु पंजीकरण के आदेश में बिलंब होने पर आवेदक लगा रहे कार्यालय का चक्कर

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव/प्रयागराज।** सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार जन्म और मृत्यु के संबंध में जन्म और मृत्यु से इक्कीस दिन तक अभिभावकों के आवेदन पर ग्राम पंचायत स्तर पर निः शुल्क जारी किया जाता है। तथा इक्कीस दिन से एक वर्ष तक खंड विकास अधिकारी/सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद सचिव द्वारा जारी किया जाता है। वहीं एक वर्ष के उपरांत पर दस रुपए विलंब शुक्क के साथ जन्म और मृत्यु बनवाने के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट के आदेश की जरूरत की अवश्यकता पड़ती है। जब तक उप जिला अधिकारी आदेश नहीं देता है तब तक ग्राम सचिव द्वारा जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नही कर सकता है। उक्त शासनादेश सितंबर 2023 को शासन से जारी हुआ था।

वहीं सोराव तहसील अंतर्गत कुल पांच ब्लॉक सोरांव, होलागढ़, श्रृंगवेरपुर, मऊआइमा तथा कौड़िहार शामिल है। जितने भी 1 वर्ष के ऊपर के जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीकरण है सभी के लिए उप जिलाधिकारी/ सक्षम अधिकारी के आदेश की जरूरत होती है। आवेदकों का आरोप है कि उप जिला अधिकारी कार्यालय में फॉर्म को शपथ पत्र सहित अन्य जरूरी कागजात लगाते हुए ब्लॉक स्तर से जमा करा दिया जाता है। लेकिन न्यायालय में तैनात कर्मचारियों और बाबुओं की लापरवाही से कई महीनो तक आदेश नहीं मिल पाता है। जिससे जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के अभाव में लोगों का जरूरी कार्य नही हो पा रहा है। वही सोराव ब्लॉक अंतर्गत पडरैया निवासी दिलीप कुमार मौर्य का आरोप है कि उसकी बड़ी मां चंदा देवी पत्नी सुरेश कुमार मौर्य की मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फरवरी में आवेदन ब्लॉक के माध्यम से एसडीएम कार्यालय में जमा किया था। जिसकी रिसीविंग भी आवेदक के पास है। जिसका अभी तक आदेश नहीं मिल पाया है जिसको लेकर आवेदक कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर है। नाम न छापने की शर्त पर एक आवेदक द्वारा आरोप लगाया कि एसडीएम कार्यालय में लिपिक द्वारा आदेश बनवाने के लिए हजारों रुपए की मांग की जाती है। जिसको लेकर आवेदक परेशान है।

### क्षेत्रवासी कानून और शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग प्रदान करें : राकेश कुमार भारती

**थाना प्रभारी कोरांव ने ग्राम प्रधानों,आम जनों, व्यापारियों, ग्रामीण और नगर वासियों सामाजिक कार्यकर्ताओं पत्रकारों से मांगा सहयोग**

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव/प्रयागराज।** प्रयाग राज। आए दिन मार्ग दुर्घटनाएं,छोटी छोटी बातों पर बड़ी घटनाएं करना,शादी ब्याह में खुशी हंसी में आयोजित विभिन्न तरह के आयोजनों में नशे की हालत में अप्रिय घटनाएं कारित करना, चुनावी समय में शांति तथा कानून व्यवस्था का उल्लंघन करना,कानून अपने हाथ में ले लेना शोभनीय क्षेत्र वासियों के लिए नहीं है।उक्त आह्वान कुछ पत्रकारों के थाना पर समाचार कवरेज के लिए गए जानकारी के दौरान राकेश कुमार भारती ने किया। उन्होंने कहा कि मेरा उद्देश्य है कि सभी की समस्याएं सुनना त्वरित निदान कराना और अपराधियों को दंडित कराना। उन्होंने कहा कि यदि सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने अपने गांवों इलाकों में शांति व्यवस्था सुनिश्चित रखने हेतु पुलिस और अधिकारियों एवं सरकार साशन प्रशासन का सहयोग करें तो निश्चय ही समस्याएं कम हो जाएंगी। । श्री भारती ने बताया कि इस समय लोक सभा चुनाव सर पर है ऐसे में बहुत ढेर सारी जिम्मेदारियां पुलिस पर हैं और कर्मियों की संख्या भी कम हो गई हैं। फिर भी जिस इलाके की समस्याएं होती है उस क्षेत्र के पुलिस दरोगा और सिपाहीयों को त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित करता हूं।

# नैनी में पिछले कई महीनो से चौड़ीकरण को लेकर लोगों में भारी आक्रोश

## चौड़ीकरण को लेकर समस्याओं का अंबार लगा हुआ है , पार्षद राकेश जयसवाल

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी/प्रयागराज।** नैनी स्टेशन रोड हनुमान नगर में चौड़ीकरण को लेकर के पिछले कई महीनो से हनुमान नगर स्टेशन रोड पर पीडीए विभाग की घोर लापरवाही से लोगों में दूषित पानी पीने एवं सीवर लाइन को लेकर के जन समस्याओं का अंबार लगा हुआ है एवं लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है जिस पर किसी भी अधिकारी का ध्यान बिल्कुल नहीं है।



अधिकारी से मांग करते हुए क्षेत्रीय पार्षद वार्ड नंबर 20 चक रघुनाथ के राकेश जायसवाल निरीक्षण करके अधिकारियों को चेतावनी दी कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाए। वही धर्मराज पटेल दीपू चौरसिया बताते हैं कि 20 से 25 घरों में पानी की काफी दिक्कत हो रही है काफी लोगों का पाइप बाहर से टूट गया है।

# गौशाला में अज्ञात कारणों से लगी आग, दो लाख कीमत के पालतू जानवर जलकर राख

## ग्रामीणों और फायर ब्रिगेड कर्मियों के घंटो अथक प्रयास के बाद आग पर पाया गया काबू

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** छप्पर नुमा बने गौशाला में अचानक आग लग गई। जिसमें बंधे दो दर्जन पशु आग की चपेट में आकर जलकर राख में तब्दील हो गए। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीणो की भारी भीड़ जुट गई। और ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग को नहीं काबू कर सके। इस दौरान फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी गई। ग्रामीणो और फायर ब्रिगेड कर्मियों के घंटो अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दो गाय, दो गाय का बच्चा, 16 बकरी, एक बछिया व बछवा सहित दो दर्जन पशु आग की चपेट में आने से जिंदा जलकर राख में तब्दील हो गए।



गौशाला में लगी आग को बुझाते फायर ब्रिगेड कर्मचारी।

पट्टी तहसील क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव निवासी महाजन उर्फ पुजारी सरोज पशुपालन कर परिवार का भरण पोषण करता है। वह पशुओं के लिए छप्पर नुमा गौशाला बनाया था। जिसमें 20 बकरी, एक गाय, दो बछड़ा बांध रखा था। बृहस्पतिवार की दोपहर अचानक गौशाला मे आग लग गई। आग की उठती लपके देख जब तक लोग कुछ समझ पाते हल्ला गुहार मचाते तब तक आग ने पूरे गौशाला को अपने चपेट में ले लिया, जिसमें बंधे जानवर आग की चपेट में आकर जलने लगे। यह सब देख आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

लेकिन सुखे सरपत और पछुआ हवा के चलते आग पर काबू नहीं कर सके। आग लगने की सूचना मिलते ही फायरकर्मी मौके पर पहुंचकर अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक लाखों रुपए के जानवर आग की चपेट में आकर जलकर राख में तब्दील हो गए। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वही मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंचकर मामले की जानकारी ले रही है। पीड़ित ने बताया की लगभग दो लाख रुपए के पालतू जानवर बंधे हुए थे जो पल भर मे जलकर राख हो गए। आग लगने की जानकारी होने पर तहसील प्रशासन भी मौके पर पहुंच गए मामले की जानकारी हासिल कर रहा है।

# खेत में लगी आग, फसल व भूसा जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात कारणो से फसल मे आगजनी से किसानो को काफी क्षति हुई है। गुरूवार की दोपहर मनीपुर चंदापुर गांव मे गेहूं की फसल मे अचानक आग फैल गयी। फसल मे आग की लपटें देख किसान परेशान हो उठे। गांव के अनिल कुमार की पत्नी भाग्यश्री के ढाई बीघे खेत में गेहूं की खडी फसल आगजनी मे जलकर राख हो गयी। वहीं गांव के ही कालिका प्रसाद शुक्ल का बाइस क्विंटल तथा जगन गुप्ता का दस क्विंटल खेत मे रखा भूसा भी आगजनी में नष्ट हो गया। वहीं गांव के रामराज तथा लल्लू कोरी का भी भूसा जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर सांगीपुर से फायर बिग्रेड की टीम पहुंची तो टीम व ग्रामीणों की घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लालगंज फायर बिग्रेड की टीम महेशगंज थाने के अन्तर्गत किसी गांव में अप्रत्याशित आगजनी की सूचना पर गयी हुई थी। फसल नुकसान होने से खेत पहुंचे किसानों के चेहरे पर मायूसी देखी गयी। तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है कि फसल नुकसान का आकलन कराने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देशित किया गया है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी के खिलाफ मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म तथा जालसाजी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि संग्रामगढ़ थाना के पण्डित का पुरवा निवासी आरोपी कलेश्वर पटेल के पुत्र नरेन्द्र पटेल ने बीती उन्नीस अप्रैल को उसे शादी का झांसा देकर चंदौली बुलवाया। यहां रात में उसे सुबह शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बना लिया। अगली सुबह पीडिता को आरोपी गोपीगंज ले आया। यहां आरोपी ने अपने भाई को बुलवाकर उसे प्रतापगढ़ के बाबागंज वाहन से छोड दिया। पीडिता ने अपने मौसेरे भाई को फोन पर सूचना देकर बुलवाया तब घर पहुंची। घर पहुंचकर पीडिता ने परिजनों से आपबीती बतायी। इस पर पीडिता की मां ने आरोपी के परिजनो को जानकारी दी। इस पर परिजन भडक उठे और गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। आरोपी के परिजनों ने आरोपी की कहीं और शादी कर देने की भी बात कही। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार को आरोपी नरेन्द्र पटेल के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सांई संस्थान के अध्यक्ष की माता के निधन पर शोक की लहर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के बलीपुर स्थित सांई नाथ मंदिर में सांई संस्थान के अध्यक्ष शैलेन्द्र नाथ मिश्र की माता का निधन गत दिनों हो गया। उनके निधन से उनके परिवारजनों, रिश्तेदारों तथा शुभचिंतकों में भारी शोक है। वह कुछ दिनों से बीमार थीं जिन्हें लखनऊ में भर्ती किया गया था, जहां से दो दिन पहले उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर राजनेताओं, साहित्यकारों, पत्रकारों, अधिवक्ताओं आदि ने गहरा शोक जताया है।

# निर्वाचन को पूर्ण पारदर्शिता और गोपनीयता के साथ कराएं सम्पन्नः डीएम

## विकास भवन सभागार में अधिकारियों व कर्मचारी की हुई बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आयोग की दिशा निर्देश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में पोस्टल बैलट, (इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलट मैनेजमेंट सिस्टम, होम वोटिंग, फैसिलिटेशन सेंटर के पारदर्शी निष्पक्ष पूर्ण एवं सकुशल संचालन के लिए समस्त एआरओ एवं संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की एक प्रशिक्षण कार्यशाला पंडित दीनदयाल सभागार विकास भवन में हुई।

प्रशिक्षण कार्यशाला को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर डा0 विंध्याचल सिंह, डॉ मोहम्मद अनीस एवं धर्मेंद्र ओझा ने विस्तार पूर्वक सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को बताया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव



विकास भवन में आयोजित बैठक में बोलते अधिकारी।

रंजन ने कहा कि पोलिंग पार्टियों दिव्यांग मतदाता एवं 85 साल से ऊपर के मतदाता के घर-घर जाकर वोट कराएंगे, जो भी इस तरह के मतदाता हैं उनको बी. एल. ओ. एवं लेखपाल के माध्यम से पहले ही सूचना रहनी चाहिए जिससे आप जाएं तो मतदाता आपको घर पर मिलें। इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। नवनीत सेहारा मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने कहा कि यह प्रशिक्षण बहुत ही महत्वपूर्ण है इसे गंभीरता पूर्वक ले किसी प्रकार की आपकी जिज्ञासा हो तो उसका समाधान कर लें। इस मौके पर त्रिभुवन विश्वकर्मा अपर जिलाधिकारी/उप निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ राकेश प्रसाद जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक राजेश देवरार बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी/प्रभारी अधिकारी बैलट पोस्टल आदि ने संबोधित किया।

# लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिये सभी लोग हों एकजुटः मकसूद खान

## कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष का जिले में हुआ आगमन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान का आगमन जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन में हुआ, जहां कांग्रेस पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओ ने जोरदार नारेबाजी करते हुए माला पहनाकर बुके देकर भव्य स्वागत किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान ने समाजसेवी एवम युवा नेता डॉ0 एजाज अहमद एवम समाजसेवी गिरिश चन्द्र द्विवेदी को कांग्रेस का पट्टा पहनाकर कांग्रेस ज्वाइन कराया।



प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान का स्वागत करते पदाधिकारी।

उसके उपरांत लोकसभा चुनाव हेतु कांग्रेस कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने एवम संचालन नगर अध्यक्ष इरफ़ान अली ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान ने कहा कि यह लोकतंत्र और संविधान को बचाने का चुनाव है, सभी लोग एकजुटता के साथ इंडिया गठबंधन के पक्ष में कार्य करें। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने एक सांप्रदायिक ताकत के खिलाफ देश की सारी पार्टियों को इकट्ठा किया है इंडिया गठबंधन मजबूती से चुनाव जीत रहा है और हम केन्द्र में सरकार बनाने चल रहे है। जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि कहीं ऐसा न हो कि यह मतदान हम सभी का आखिरी मतदान हों, हम सभी का फर्ज है कि संविधान को बचाए और देश को बचाएं। प्रदेश सचिव/प्रभारी प्रतापगढ़ करम चन्द्र बिंद ने कहा कि यह चुनाव सिर्फ राजनीतिक दलों के बीच का चुनाव नहीं है बल्कि यह चुनाव संविधान को बदलने और बचाने वालों के बीच का चुनाव है। पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने प्रतापगढ़ लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर चिंता जताई। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. वी.के.सिंह, सेवादल जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, महासचिव अशुतोष तिवारी, सुरेश मिश्रा, इम्तियाज अहमद, सूर्य प्रकाश शुक्ला, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष करुण पांडेय, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मकरंद शुक्ला, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नफीस खान, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा, प्रशान्त सिंह,योगेश यादव सुनीता पटेल, दिलीप गौतम, हरीश चन्द्र सरोज, ब्लॉक अध्यक्ष चरण सिंह यादव, सुभाष तिवारी,विवेक पांडेय, मेराज अंसारी, मो यूसुफ, मो वसीम, सूबेदार यादव, मोनू मिश्रा, मो हुजैफ, बृजेश पांडेय, बैजनाथ यादव, मो असलम, फतेह बहादुर सिंह,रामरतन तिवारी,अभय किशोर त्रिपाठी, संजय इश्तियाक, बेलाल, जावेद, रामू पांडेय, सुधीर तिवारी, अवध राज यादव, जावेद अहमद, राधेश्याम दुबे, युनुस खान, सलमान खान, नूर आलम आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा के मंदिर में बैठे शिक्षा के सौदागर

## स्कूल से जूते, ड्रेस व किताबें भी खरीदना है अनिवार्य

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के निजी स्कूलों में प्रतिवर्ष सालाना चार्ज के साथ ही जूते, ड्रेस व किताबें भी खरीदना अनिवार्य कर दिया गया है। संचालकों की मनमानी के आगे अभिभावक बेबस दिखाई दे रहे है।

जिले में खुले अधिकांश शिक्षा के मंदिर रूपी खुले निजी संस्थानो को लोग बाजार का रूप दे बैठे हैं। यहां मनमानी तरीके से छात्रों से प्रतिवर्ष सालाना चार्ज वसूल किया जाता है। स्कूल से जूते, ड्रेस व किताबें भी खरीदना अनिवार्य है। खुले आम हो रहे शोषण से अभिभावक परेशान हो रहे हैं। लोगों की मानें तो शिकायत के बाद भी इस मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है, यही नहीं स्कूल में मार्केट भाव से सभी वस्तुएं लगभग 40 फीसदी महंगी मिलती है। क्षेत्र के स्कूलों के संबंध में जब लोगो से जानकारी ली गई तो पता चला की अधिकांश स्कूलों में शिक्षा के नाम पर लूट मची हुई है। हालांकि आज भी क्षेत्र में स्थित कई स्कूल ऐसे भी हैं जहां पर अभिभावकों को यूकेजी से कक्षा आठ तक सिर्फ एक बार दाखिला शुल्क देना पड़ता है। स्कूल से कुछ भी खरीदना अनिवार्य नहीं है। यहां तक कि बच्चे अपने सीनियर की पुरानी किताबों से भी पढ़ सकते है। बीएसए ने बताया की उक्त संबंधी मनमानी करने वालों को चिन्हित करके कार्रवाई के लिए बीईओ को पत्र लिखा गया है।

# प्रचार प्रसार में न्यायिक कक्षों में गतिरोध उत्पन्न करने वाले प्रत्याशियों पर होगी सख्त कार्रवाई

## संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में प्रत्याशियों के लिए आदर्श आचार संहिता हुई प्रभावी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद समेत सभी पदो के प्रत्याशियो की बैठक मे संघ के निर्वाचन को लेकर नियमावलियों तथा चुनाव आदर्श आचार संहिता की जानकारियां प्रदान की गयी। वही बैठक में प्रत्याशियो के सुझाव पर भी चुनाव समिति ने विचारविमर्श किया।

चुनाव समिति की हुई बैठक में अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रत्याशियो को संघ के चुनाव से जुडे नियमों के तहत निर्धारित आचार संहिता के बिंदुओ की जानकारियां देते हुए बताया कि प्रचार प्रसार के तहत न्यायिक कक्षों मे किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री का उपयोग नही किया जाएगा। उन्होने प्रत्याशियो से यह भी कहा कि तहसील अथवा दीवानी न्यायालय मे चुनाव प्रचार के दौरान न्यायिक कार्य मे किसी भी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न नही किया जाएगा। वहीं चुनाव समिति के पदाधिकारियो ने प्रत्याशियो से आपसी सौहार्द के बीच चुनाव प्रचार का सकारात्मक माहौल बनाये जाने का अनुरोध किया। समिति द्वारा दिनांक छः मई को प्रत्याशियो के दक्षता भाषण की भी प्रक्रिया की जानकारियां प्रदान की गयी। समिति ने चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता हेतु एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में तहसील एवं दीवानी परिसर में देखरेख के लिए एक उप समिति का भी गठन किया है। समिति द्वारा पन्द्रह बिंदुओ की आचार संहिता को प्रभावी बनाए जाने का भी प्रत्याशियों की सामूहिक बैठक मे ऐलान किया। प्रत्याशियो ने भी निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने मे चुनाव समिति व एल्डर कमेटी को पूर्ण सहयोग दिये जाने की बात कही। वही संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के द्वारा भी समिति को चुनावी प्रक्रिया में मौजूदा कार्यकारिणी द्वारा सहयोग का भरोसा दिलाया गया है। बैठक का संचालन महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने किया। बैठक में चुनाव समिति के टीपी यादव, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, शिवाकांत उपाध्याय, कालिका प्रसाद पाण्डेय द्वारा मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया को लेकर भी बिंदुवार जानकारियां दी गयी। इस मौके पर वीरेन्द्र सिंह अगई, राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, लाल राजेन्द्र सिंह, राव वीरेन्द्र सिंह, रामलगन यादव भी मौजूद रहे।

# युवती की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना के नसीरपुर गांव में पिछले मंगलवार को कुएं मे मिली युवती का शव मिलने पर परिजन हत्या की बात कह रहे है। गांव के रामदयाल गुप्ता की पुत्री अंतिमा 20 का शव गांव के समीप कुएं में बरामद हुआ था। सूचना पर पुलिस ने शव को कुएं से निकलवाकर उसका पीएम करवाया। बुधवार को मृतका का शव घर पहुंचा तो कोहराम मच गया। परिजन पुलिस से मृतका की हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियो की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। काफी देर मानमनौवल के बाद पुलिस ने परिजनों द्वारा मृतका की हत्या के आरोपी को बेनीदीन का पुरवा नसीरपुर निवासी दिनेश तिवारी के पुत्र राजेश तथा नसीरपुर निवासी सगीर के पुत्र इरफान के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने व इनकी गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया। इसके बाद गुरूवार को सुबह लगभग दस बजे परिजनों ने गांव के समीप ही मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक गम्भीर

**प्रतापगढ़।** जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के झींगुर तिराहा के पास बाबागंज रोड के पास सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। बता दें कि गंगा एक्सप्रेस वे में मिट्टी ढुलाई कर रहे डम्पर ने बाईक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाईक सवार बाबूपुर के मुन्नू सिंह की मौके पर मौत हो गई।

# सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जनपद केसंग्रामगढ़ क्षेत्र के वैष्णो देवी इंटरमीडिएट कॉलेज गोंदाही में दो दर्जन छात्राओं को विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रबंधन ने उन्हें माला पहनकर प्रसाद पत्र देकर सम्मानित किया वही जनपद में पांचवें एवं सातवें स्थान प्राप्त करने वाले अनुराग मौर्य एवं काजल यादव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

इस दौरान श्रीजल सृष्टि अस्तित्व विशाल सरोज अमर साहू रिचा यादव अनुराग सरोज अभिजीत यादव अंबिकेश तिवारी दीपक पांडे अभिजीत यादव आयुष मौर्य अभिषेक यादव दीपांश यादव आयुष गुप्ता अजीत कुमार दीपक यादव संदीप



सर्वोच्च अंक पाने वाली सम्मानित छात्र-छात्राएं।

पटेल अभिषेक यादव अंतिम गौतम आदि ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का ही नहीं पूरे जनपद का नाम रोशन किया है। इस दौरान प्रबंधक छोटेलाल यादव ने सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आशीष यादव बोनी, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पटेल, संतोष सिंह, अरविंद मौर्य, बृजेश यादव, रमेश गुप्ता, आर एन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# रेलवे फाटक का ट्रैक दे रहा दुर्घटना को दावत

## रेलवे ट्रैक पार करते समय फंस रहे दो पहिया वाहन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावा रेलवे स्टेशन के 35-सी/2-टी रेलवे फाटक की लाइन पार करते समय छोटे बड़े वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है रेलवे ट्रैक व सड़क का लेबिल गड्डो मे तब्दील हो गया जिससे स्कूटी व बाइक सवार गिरकर चोट हिल हो जाते हैं।

जब कि गेट मैन अपनी आँखो के सामने खड़े होकर देखते है लेकिन इसकी सूचना संबंधित पी डब्लू आई को देने से कतरा रहे है जब कि इस रूट पर स्टेशन पर न रुकने वाली ट्रेन वन्दे भारत के साथ कानपुर व लखनऊ इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन गुजरती है जिसको रेल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो की तनिक परवाह नही है। यदि 35 सी रेलवे फाटक पर ट्रैक पर जानलेवा गड्डे को तत्काल ठीक नही कराया गया तो किसी दिन बड़ी घटना होने से इंकार नही किया जा सकता। जब कि रेल विभाग के रूटीन रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करने वाले गैंग मैन भी इस ओर से अनजान दिखाई दे रहे है। स्थानीय बाजार वासियो ने रेलबिभाग के उच्च अधिकारियो का ध्यान इस ओर आकृस्ट कराया है।

# संचारी रोगों से बचाव के लिए सफाई कर्मचारियों ने चलाया अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तेज धूप होने से उमस भरी गर्मी के दिन शुरु हो गया हैं जिससे गांव में तरह-तरह की बीमारियां से ग्रामीण शिकार हो रहे हैं ऐसे में आसपुर देवसरा ब्लॉक के सफाई कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद की अगुवाई में पूरे दलपत शाह पंचायत भवन विद्यालय व गांव में घरों के आसपास जल निकासी के लिए बनाई गई नालियों में जमा पानी कीट नाशक दवा का छिड़काव किया गया मुख्य मार्ग पर उगी कटीले झाड़ियो की कटाई करके साफ सफाई की गई। इस मौके पर न्याय पंचायत के धौरहरा के सफाई कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद, पन्नालाल, अर्जुन, दिलीप, राम शरन, दिनेश कुमार, रेखा देवी, रामनरेश,



गांव में सफाई करते सफाई कर्मचारी।

प्रेमचंद, अनीता देवी, सहित अन्य सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# तीन आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के तीन आरोपियो को हिरासत मे लेकर गुरूवार को न्यायालय भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा सुरेंद्र सिंह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच दहेज उत्पीडन के मुकदमे मे वांछित आरोपी कोहारन का पुरवा जमालपुर निवासी राजाराम के पुत्र रामभवन तथा बृजभवन व पंचम के पुत्र राजाराम गांव मे पुलिस के हत्थे चढ़ गये। पुलिस ने आरोपियो को विवाहिता के साथ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी एवं दहेज उत्पीड़न के मुकदमे में न्यायालय भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### माँ बेटा को दबंगो ने पीटा मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव की बसंती देवी पत्नी अमृत लाल असहाय महिला है। मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करती है। विवाहिता ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पड़ोस में ही बारात आयी थी। विवाहिता अपने बेटा ननका संग बारात देखने लगी थी। उसी समय पड़ोस के ही राम बरन व चौबे लाल पुत्रगण ज्ञान सिंह व मंजीश पुत्र कैलाश व रंजीश पुत्र राम प्रसाद पुरानी रंजिश को लेकर विवाहिता के बेटा को भद्दी - भद्दी गालियां देने लगें। बेटा ने गाली-गलौज का विरोध किया तो दबंगो ने बेटा को खेत कि तरफ खींच ले गए। विवाहिता के बेटा को बुरी तरह से मारने पीटने लगे। विवाहिता का बेटा शोर मचाया शोर सुनकर विवाहिता मौके पर पहुंच कर बीच-बचाव करने लगी इतना ही नहीं दबंगो ने विवाहिता को भी बेरहमी से मारा पीटा। पड़ोस के लोगों के पहुंचने पर दबंगो ने विवाहिता को जान से मार डालने कि धमकी देते हुए मौके से भाग गए। इसके पूर्व भी यही लोगों ने ।विवाहिता को मारा पीटा था। विवाहिता अपने बेटा संग चरवा थाना पहुंच कर दबंगो के विरुद्ध नामजद्द शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने कि मांग किया है। चरवा पुलिस शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर दबंगो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करके विवाहिता सहित बेटा को इलाज हेतु नवीन प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र चरवा भेज दिया है। चरवा पुलिस दबंगो की तलाश में जुट गई है।

# दो बाइक की आमने-सामने टक्कर एक की मौत, एक लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के सिराथू ओवर ब्रिज पर गुरुवार को दो बाइक में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गयी जिससे दोनो बाइक सवार सड़क पर गिर गए जिससे दोनों युवक गंभीर घायल हो गए सूचना पर क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंचकर गंभीर घायल युवकों को सिराथू स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां एक युवक की मौत हो गई दूसरे गंभीर घायल का प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया है पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटना की सूचना हादसे के शिकार लोगों के घर पुलिस ने दिया हैं।

जानकारी के मुताबिक राम किशन 30 वर्ष पुत्र अमर सिंह निवासी अनेठा थाना पैंसा अपने भाई को रेलवे स्टेशन ट्रेन में बिठाने के लिए सिराथू आए थे वह भाई को ट्रेन में बैठने के बाद वापस जा रहे थे दुर्गेश दुबे 26 वर्ष पुत्र रघुराज दुबे निवासी मोंगला थाना पैंसा टेंट और साउंड का सामान खरीदने सिराथू आए थे दोनों बाइक सवारों की आपस में टक्कर हो गई है हादसे में रामकिशन की अस्पताल में मौत हो गई है और दूसरा बाइक सवाल दुर्गेश दुबे गंभीर रूप से घायल है मृतक युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है।



अस्पताल में इलाज के दौरान घायल युवक व मौजूद पुलिस



शव के पास रोते बिलखते मृतक के परिजन

## करंट के चपेट में आने से युवक की मौत, परिजनों में कोहराम

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज स्ट्रेट बैंक के सामने नया लाइट खम्भा लगा रहे युवक की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गयी है नगर पालिका में लगी स्ट्रीट लाइट को ठीक करने का काम करता था वो सीढ़ी लेकर जा रहा था 11हजार तार में छू गयी थी जिससे करंट लग गई है और उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज स्ट्रेट बैंक के सामने अंश उर्फ ननका उम्र 22 वर्ष पुत्र कंचन लाल चौहान निवासी बनतारिया थाना संदीपनघाट नगर पालिका का कर्मचारी है और वह बुधवार को लाइट बनाने सीढ़ी लेकर जा रहा था उसकी सीढ़ी 11000 की हाई टेंशन तार से छू गई जिससे वह झटका गिर गया अचानक करंट लगने से तड़प तड़प कर उसकी दर्दनाक मौत हो गई मौत होते ही हड़कम्प मच गया मौके पर लोगों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौत की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है।

## न्यूज झरोखा

### उच्च प्राथमिक विद्यालय चरवा प्रथम की छात्रा स्वाति मिश्रा ने जिले में प्राप्त किया प्रथम स्थान





**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2024-25, दिनांक 05 नवम्बर 2023 को प्रदेश के सभी जनपदों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित किया गया था। इस परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया है, जिसमें कौशांबी जनपद से 105 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। चायल विकासखंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय चरवा प्रथम की छात्रा स्वाति मिश्रा ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका जय देवी मिश्रा,शिखा सेठ,प्रियंका सिंह,सपना तिवारी सहित समस्त स्टाफ मे अत्यंत प्रसन्नता है ।.राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को 12 वीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति मिलेगी।

### इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लगने से 10 लाख का नुकसान

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के तिल्हापुर मोड़ में एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में अचानक आग लग गई है आग लगने से दुकान का रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है बताया जाता है कि इस घटना में 10 लाख रुपए का नुकसान दुकानदार को हुआ है मामले की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया है । जानकारी के मुताबिक अशोक कुमार पुत्र लल्लू राम केसरवानी मनौरी निवासी ने तिल्हापुर मोड पर इलेक्ट्रॉनिक की दुकान खोल रखी है गुरुवार की दोपहर अज्ञात कारणों से मकान के पीछे की तरफ से दुकान में आग लग गई जिसमें दुकान में रखा लगभग 10 लाख रुपए से ऊपर का सामान जलकर खाक हो गया आग लगने की जानकारी मिलने के बाद आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन आग बुझ नहीं सके मौके पर मौजूद लोगों ने इंस्पेक्टर पिपरी बृजेश कुमार करवरिया को सूचना दिया उन्होंने फायर ब्रिगेड को बुलाकर कड़ी मेहनत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया दुकान में आग कैसे लगी इस बारे में दबी जुबान से लोग चर्चा कर रहे हैं। घटना के बाद परिवार के लोग बेहाल हैं

### प्रभु श्री राम की भव्य शोभायात्रा देखने के लिए उमड़ पड़े नगर वासी



**कौशाम्बी।** विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में गुरुवार को मुख्यालय मंझनपुर में हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान श्री राम की भव्य शोभा यात्रा निकाली। नगर के महिला पुरुष सड़कों से लेकर छत तक शोभा यात्रा देखने के लिए उमड़ पड़े ध्वजा पताका के साथ प्रभु श्री राम का जयकारा लगाते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्र में शोभा यात्रा का भ्रमण किया गया शोभा यात्रा में विभाग सहमंत्री सत्य प्रकाश मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम भारत के युगपुरुष हैं जिनके चरित्र को देखकर भारत की जनता अपने जीवन को जीती है इसके बाद भी भगवान श्री राम के जन्म भूमि पर 500 सालों से आता टाइयों ने कब्जा कर रखा था मंदिर बनने के बाद भगवान श्री राम का जन्म उत्सव मनाया जा रहा है जिसके चलते लोगों में भारी उत्साह है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला संगठन मंत्री वेद प्रकाश राय, आशीष कुमार बच्चा ऋषभ द्विवेदी, शिवांशु शुक्ला, पुष्पेंद्र पांडे, शुभम दुबे, शिवम पांडे, दीपक मौर्य, नीरज शुक्ला, कृष्णदत्त ओझा, सर्वेश पटेल, चंद्र किशोर मिश्रा सौरभ त्रिपाठी कामता यादव, ज्ञानचंद प्रजापति, बाल्मिक संदीप शुक्ला वीरेंद्र कुमार दिवाकर यशवंत यादव शिवबरन पासी, हनुमान पटेल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

### स्वीप के तहत निकाली गई मतदाता जागरूकता मशाल जुलूस रैली



**कौशाम्बी।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के नेतृत्व में स्वीप के अंतर्गत बृहस्पतिवार की सायं को माध्यामिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा तथा पंचायतीराज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मतदाता जागरूकता मशाल जुलूस रैली डायट मैदान से मंझनपुर चौराहा तक निकाली गई। जनपद के मतदाताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान दिवस 20 मई 2024 को ह्लछोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान। पहले मतदान, फिर जलपान। चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी। सबका यह अरमान है, करना अब मतदान है। भारत देश महान है, करते सब मतदान हैं। प्रजातन्त्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं। आओ मिलकर अलख जगायें, शत-प्रतिशत मतदान करायें। हम अपना कर्तब्य निभायेंगे, सबसे मतदान करायेंगे।ह्व आदि स्लोगन के माध्यम से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### अज्ञात बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के धूमाई मोड़ के पास पुल के करीब बाइक सवार को अज्ञात बोलेरो ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया मौके पर रहे ग्रामीणों ने एंबुलेंस की मदद से सिराथू स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है घायल युवक दिलीप उम्र 25 वर्ष पुत्र रामराज निवासी परई खागल थाना पैंसा अझुवा बाजार से वापस घर जा रहा था ग्रामीणों के मुताबिक घुमाई पुल के पास अज्ञात बुलेरो चालक ने पीछे से टक्कर मार कर फरार हुआ है।

# नामांकन के लिए न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी कक्ष संख्या-03, कलेक्ट्रेट निर्धारित

## नामांकन स्थल पर उम्मीदवार सहित कुल 05 व्यक्ति ही एक साथ रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में रह सकतें हैं उपस्थित

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 50-कौशाम्बी (अ0ज0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के नामांकन के लिए न्यायालय, जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी कक्ष संख्या-03, कलेक्ट्रेट निर्धारित किया गया हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना का दिनांक 26.04.2024, नाम निर्देशन के लिए अंतिम दिनांक 03.05.2024, नाम निर्देशन की जॉच के लिए दिनांक 04.05.2024, नाम वापसी के लिए अंतिम दिनांक 06.05.2024, मतदान का दिनांक 20.05.2024 एवं मतगणना का दिनांक 04.06.2024 हैं।





नामांकन पत्र के साथ अभ्यर्थियों द्वारा फोटो 02 सेमी ७ 2.5 (नवीनतम 05 फोटो, जिनके पीछे अभ्यर्थी के हस्ताक्षर, लिफाफे में रखकर नामांकन के साथ दिया जायेंगा)। अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय के उद्देश्य से बैंक खाता स्वयं के नाम से या अपने निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से राज्य के किसी भी बैंक या डॉकघर में नामांकन प्रपत्र दाखिल करने से एक दिन पूर्व का खाता खोला जाना अनिवार्य होगा। निर्वाचन अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय से सम्बन्धित किसी भी मद के लिए अदा की जाने वाली राशि रु0 10000.00 (रुपये दस हजार मात्र) से अधिक नहीं है, तो ऐसे व्यय को बैंक खाते से निकासी करके नकद राशि के माध्यम से व्यय की जा सकतीं हैं। नामांकन पत्र में निर्दलीय अभ्यर्थी द्वारा 10 प्रस्थापकों के नाम, दिया जाना आवश्यक है तथा प्रस्थापकों के नाम सम्बन्धित संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में होना अनिवार्य हैं। जमानत धनराशि-सामान्य जाति के उम्मीदवार के लिए मु० 25000.00 (रुपये पच्चीस हजार मात्र) रुपये एवं अनु०जा० अ०ज०जा० के उम्मीदवार के लिए मु० 12500.00 (रुपये बारह हजार पॉच सौ मात्र) रुपए शासकीय सुसंगत लेखा शीर्षक में ट्रेजरी चालान द्वारा, चालान की प्रति मय लेखा शीर्षक के नामांकन पत्र के साथ रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिया जायेगा, जिसे भरकर रिटर्निंग ऑफिसर से पास कराकर, बैंक में धनराशि जमाकर, मूल चालान की प्रति नामांकन पत्र के साथ जमा किया जाना अनिवार्य होगा। अनु० जाति/अनु० जनजाति के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण-पत्र नामांकन पत्र के साथ लगाना आवश्यक होगा। एक अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम 04 नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर, को जमा कर सकता है, परन्तु जमानत धनराशि एक ही नामांकन पत्र की जमा होगी, जिसकी फोटोप्रति अन्य तीन नामांकन पत्रों के साथ संलग्न करनी होगी। रिटर्निंग ऑफिसर को नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय 100 मीटर की परिधि के बाहर केवल 03 वाहन ही अभ्यर्थी हेतु अनुमन्य हैं। नामांकन स्थल पर उम्मीदवार सहित कुल 05 व्यक्ति ही एक साथ रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में उपस्थित रह सकतें हैं। नामांकन प्रक्रिया की विधिवत वीडियोग्राफी/सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जायेंगी। उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार की जुलूस/सभा बिना अनुमति किया जाना प्रतिबन्धित हैं।

नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय से उम्मीदवार द्वारा लोक अवकाश दिन से भिन्न किसी भी दिन पूर्वान्ह 11 बजे से 3 बजे अपरान्ह के बीच प्राप्त किये जा सकतें हैं, जिसका लेखा-जोखा रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में रखी पंजी में अंकित किया जायेंगा। नामांकन पत्र उम्मीदवार अथवा उसके किसी प्रस्थापक द्वारा लोक अवकाश दिन से भिन्न किसी भी दिन पूर्वान्ह 11 बजे से 3 बजे अपरान्ह के बीच रिटर्निंग ऑफिसर के पास दाखिल किया जा सकता हैं। अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले प्रारूप 26:-(शपथ-पत्र) में वांछित सूचनाएँ पूर्ण रूप से भरा जाना आवश्यक हैं, किसी भी कॉलम की सूचना खाली नहीं छोडी जानी चाहिए। यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी कॉलम को भरा नहीं जाता है या सूचना अपूर्ण या छिपायी जाती हैं तो इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपना डॉक पता, मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, व्हाट्सएप नम्बर उपलब्ध कराना आवश्यक है, जिससे कि अभ्यर्थी को निर्वाचन से सम्बन्धित आवश्यक सूचनाएँ तत्काल उपलब्ध करायी जा सकें।

अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार के लिए छपाई गई प्रचार सामग्री की एक-एक प्रति रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में उपलब्ध करानी होगी, जिस प्रिन्टिंग प्रेस से सामग्री तैयार करायी जा रहीं है, उस प्रोपराइटर का नाम, फर्म का नाम पूर्ण पता, मोबाइल नम्बर, ई-मेल, जीएसटी नम्बर आदि उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए जनपद के समस्त निर्वाचन क्षेत्रों में भी आचार संहिता आयोग द्वारा लगायी गयी हैं, जिसका अनुपालन प्रत्येक प्रत्याशी को करना आवश्यक हैं। प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय अपने नाम के आगे एवं नाम के पीछे, जिससे प्रत्याशी की पहचान हो सके, के सम्बन्ध में कोई संशोधन चाहता हैं तो वह रिटर्निंग ऑफिसर को प्रार्थना-पत्र देकर संशोधन करा सकता है।

## विश्व मलेरिया दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम का किया आयोजन

**कौशाम्बी।** 25 अप्रैल 2024 को विश्व मलेरिया दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मुख्य चिकित्साधिकारी सभागार में आज विश्व मलेरिया दिवस पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मलेरिया अधिकारी डॉ0 अनुपमा मिश्रा ने बताया कि विश्व मलेरिया दिवस, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक स्वास्थ्य देख-भाल जागरूकता कार्यक्रम के रूप में प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य मलेरिया रोग की रोकथाम एवं आमजन में व्यापक जागरूकता बढ़ाना सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिससे आमजन को शुरूआती लक्षणों, सावधानियों और उपचार विकल्पों के विषय में जागरूक/शिक्षित करना शामिल हैं। विश्व मलेरिया दिवस वैश्विक ध्यान आकर्षित करने एवं और समुदाय के प्रभावित होने के जोखिम को कम करने में एक सहायक मंच हैं। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस-2024 की ह्लथीम अधिक न्यायोचित विश्व के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लानाह्व हैं।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि मलेरिया रोग की रोकथाम के लिए जागरूकता रैली निकालकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाय। हर रविवार मच्छर पर वार का क्रियान्वयन अत्यन्त प्रभावी ढंग से कराया जाय, जिससे जन-सामान्य को सप्ताह में एक दिन कूलर आदि से पानी निकालकर सुखाकर पुनः प्रयोग में लाने के लिए जागरूक किया जाय। जन समुदाय को मच्छर के प्रजनन स्थलों यथा-जल पात्रों को खाली कराने, कूलर, जल टैंक, गमले, पशु पक्षियों के पीने के पात्र एवं निष्प्रयोज्य सामाग्री यथा-नारियल के खोल, बोतल आदि को समाप्त करने के व्यवहार के सम्बन्ध में जागरूक किया जाय। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक स्तर पर मलेरिया जागरूकता रैली निकालकर तथा पम्पलेट, पोस्टर एवं बैनर आदि के माध्यम से आमजन को मलेरिया से बचाव, मलेरिया के लक्षणों, मच्छरदानी का प्रयोग करने, जल-जमाव न होने देने आदि के प्रति जागरूक किया गया।

## शार्ट सर्किट से 10 बीघा गेहूं की फसल और भूसा जल कर राख

**कौशाम्बी।** जिले में शार्ट सर्किट से गेहूं के खेत में आग लग गई है। आग लगने से किसान का 10 बीघा की कटी हुई गेहूं की फसल और भूसा जल कर राख हो गया है। सूचना के एक घंटे बाद भी घटना स्थल पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच सकी है। एक घंटे में 8 किलोमीटर की दूरी फायर ब्रिगेट की टीम नही तय कर पाई ग्रामीणों की मदद से आग की लपटों पर काबू पाया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी देर से पहुंचने पर किसानो में काफी आक्रोश व्याप्त है। घटना सिराथू तहसील क्षेत्र के टेंगाई गांव की है जहा दोपहर में अचानक गेंहू के खेत में रखी फसल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगने से किसानों का लगभग 10 बीघा गेंहू की फसल और भूसा जलकर राख हो गया है। आगजनी की सूचना हल्का लेखपाल को दी गई। मौके पर लेखपाल पहुंचकर लिखापढ़ी के बाद मदद का आश्वासन किसान को दिया।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों का आईजी जोन ने लिया जायजा

**निरीक्षण कर संबंधित के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों का आईजी जोन ने जायजा लिया तैयारियों का निरीक्षण करते हुए संबंधित के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आईजी जोन प्रयागराज प्रेम गौतम कौशाम्बी पहुंचे। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। लोकसभा चुनाव के नामांकन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया।इस दौरान आईजी जोन प्रयागराज को पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में गार्द द्वारा सलामी दी गई। आईजी ने एसपी के साथ लोकसभा चुनाव नामांकन स्थल का निरीक्षण किया तथा समुचित सुरक्षा व्ययस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।





तत्पश्चात दुर्गा भाभी सभागार में एसपी सहित समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं चुनाव सेल के साथ लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी अशोक कुमार वर्मा एवं सीओ सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे हैं।

## इण्डिया गठबंधन की संयुक्त बैठक भरवारी में सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** इंडिया गठबंधन की संयुक्त बैठक समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के बीच भरवारी में गुरुवार को सम्पन्न हुई बैठक में कांग्रेस के पूर्व विधायक विजय प्रकाश एवं मंझनपुर विधानसभा के वर्तमान विधायक इंद्रजीत सरोज तथा दोनों पार्टियों के जिलाध्यक्ष तथा कार्यकर्ता उपास्थित रहे । बैठक को सम्बोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तरप्रदेश सरकार इंद्रजीत सरोज ने संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सरोज को जिताने की अपील की तथा विश्वास दिलाया कि सभी कार्यकताओं के सम्मान का पूरा ख्याल रखा जाएगा । बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने सभी कार्यकताओं को चुनाव में तन मन से लग जाने का आहवान किया तथा मजबूती से चुनाव लड़ाने को कहा । बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव ने अपने कार्यकताओं को चुनाव में पूरी ताकत झोंकने का निर्देश दिया तथा आश्वस्त किया कि समाजवादी पार्टी के साथ कांग्रेस कार्यकताओं की भावनाओं का पूरा सम्मान होगा बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष तथा गठबंधन प्रत्याशी को आश्वस्त किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी पूरी तन्मयता तथा ईमानदारी से गठबंधन प्रत्याशी के साथ हैं तथा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पुष्पेन्द्र सरोज को भारी मतों से चुनाव जिताकर दिल्ली भेजने का काम करेंगे । बैठक को कौशाम्बी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष तलत अजीम , समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव गुलाम हुसैन तथा अन्य कई नेताओं ने भी संबोधित किया बैठक का संचालन कांग्रेस नेता राजेन्द्र त्रिपाठी ने किया बैठक में राम बहादुर त्रिपाठी, युगल किशोर त्रिपाठी, आशीष मिश्र पप्पू, आर के मिश्रा, कौशलेश द्विवेदी, अमित द्विवेदी, देवेश श्रीवास्तव, मोहम्मद अकरम, अलकमा उस्मानी, नैयर रिजवी, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी, सतेंद्र प्रताप सिंह संतोष केशरवानी, मुमताज सिद्दीकी, आरिज मोहम्मद, शशि प्रताप त्रिपाठी, सुरेंद्र शुक्ला, राज नारायण पासी,बिनोद चौधरी, दीपक पांडेय ,अमित द्विवेदी,अब्बान ,जगदीश ,मान सिंह पटेल सहित कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपन घाट पुलिस उ0नि0 जयन्त गुप्ता मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त संजय कुमार गौतम पुत्र ब्रम्हानन्द गौतम निवासी उमरछा थाना संदीपन घाट को 01 तमंचा 315 बोर 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ छीतापुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 122/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

# मुस्लिम पासी यादव मतदाता का गठजोड़ भाजपा को दिखाएगा सत्ता से बाहर का रास्ता

**संविधान परिवर्तन का बयान आने के बाद अंबेडकरवादी विचारधारा के लोग भाजपा से बना रहे हैं दूरी**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा संविधान परिवर्तन की बात कहे जाने के बाद अंबेडकरवादी विचारधारा के पासी समाज के लोगों में भाजपा के प्रति जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है और वह भाजपा से दूरी बनाने लगे हैं मुस्लिम और यादव समाजवादी का कट्टर समर्थक है मुस्लिम पासी यादव मतदाता की नाराजगी भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा सकती है मोदी जी कहते हैं अबकी बार 400 पार बहुत से लोगों का मानना है कि मोदी जी इसलिए 400 पार का टारगेट लेंगे जिससे वह बिना रुकावट के जो भी चाहें संविधान में संशोधन कर सकते हैं। इतना लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तभी संविधान में संशोधन कर सकते हैं जब 400 के पार हो। बाबा भीमराव अंबेडकर जी का संविधान बड़ा टफ है इसलिए मोदी जी 400 पार की बात कर रहे हैं। 400 पार का बयान आने के बाद बाबा भीमराव अंबेडकर जी के प्रति आस्था रखने वाले मतदाता बाबा साहब के संविधान को बदलने नहीं देंगे और मोदी के 400 पार के नारे को पूरा होने नही देंगे किसी को अच्छा लगे या बुरा लगे लेकिन बहुत शक्तिशाली सरकार आम जनता के लिए दिक्कत भी पैदा करती है।

उत्तर प्रदेश में इस्लाम 2011 में 38,483,967 अनुयायियों के साथ राज्य का दूसरा सबसे बड़ा धर्म है, जो कुल जनसंख्या का 19.26% है।ए. राव 1987 के अनुसार, उत्तर प्रदेश यादवों का गढ़ रहा है. उत्तर प्रदेश में 75 जिले हैं और इनमें से 12 जिलों में यादवों की आबादी लगभग 20 प्रतिशत हैः आजमगढ़, देवरिया, गोरखपुर, बलिया, गाजीपुर, बनारस, जौनपुर, बदायूँ, मैनपुरी, एटा, इटावा और फरुर्खाबाद और कुछ अन्य जिलों में। कुछ इलाकों में यादवों का दबदबा है. अन्य जिलों में यादव का 8 प्रतिशत हिस्सा है यह समुदाय तीन दशकों से अधिक समय से मुलायम सिंह यादव द्वारा स्थापित समाजवादी पार्टी (सपा) का मुख्य समर्थन आधार बना हुआ है 2001 की भारतीय जनगणना में, पासी को उत्तर प्रदेश में दूसरे सबसे बड़े दलित समूह के रूप में दर्ज किया गया था। उस समय, वे राज्य की दलित आबादी का 16 प्रतिशत थे राज्य के लिए 2011 की भारत की जनगणना में उनकी जनसंख्या 6,522,166 दर्ज की गई।

**लोकसभा चुनाव 2024**

सरकार शक्तिशाली हो लेकिन हिटलर शाही ना हो लेकिन इस समय बहुत से लोगों की जुबान से सुनने को मिलता है कि भाजपा सरकार शक्तिशाली होने के साथ - साथ हिटलर शाही पर उतर आई है। जनता को झूठा आश्वासन देकर सत्ता में आने वाली भाजपा अपने एक भी वादे को पूरा नहीं कर रही है। इससे मतदाताओं में खासा आक्रोश है इस बार के चुनाव में मोदी सरकार द्वारा कहे जाने वाले बात पर जनता भरोसा नहीं कर रही है। जनता का कहना है कि चाय तीन बार नहीं उबाली जाती है। तीसरी बार चाय उबलने से जहर बन जाती है। इसीलिए चाय वाले को तीसरी बार सरकार बनाने का मौका देने का मतलब आम जनमानस के लिए यह सरकार जहर बन जाएगी।

## संपादक की कलम से

### सोचो ! आखिर आरएसएस को क्या हुआ ?

आप मंगलसूत्र और विरासत की अफवाहों में उलझ गए और आपसे एक महत्वपूर्ण खबर छूट गयी। खबर ये है कि जिस आरएसएस की इकलौती संतान भाजपा दस साल केंद्र की सत्ता में रह चुकी उस आरएसएस का शताब्दी समारोह नहीं मनाया जाएगा। संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने खुद ये ऐलान किया, लेकिन कहीं से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। किसी ने ये जानने की कोशिश नहीं की कि आखिर संघ को हुआ क्या जो उसने इतने महत्वपूर्ण अवसर पर एकजुटता दिखाने से मना कर दिया ?

व्यक्ति हो या संस्था, सभी के लिए सौ का आंकड़ा पार करना एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है। भारत में आमतौर पर जन्मदिन पर शतायु होने का आशीर्वाद दिया जाता है। संस्थाएं हों या दल अपनी स्थापना का रजत, स्वर्ण और हीरक जयंती मनाते हैं। कोई इस खास मौके को छोड़ना नहीं चाहता, किन्तु संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष को यादगार नहीं बनाना चाहता। ये हैरान करने वाली घटना है। आखिर ऐसा क्या अशुभ हो गया जो संघ ने अपने शतायु होने को समारोहपूर्वक मनाने का इरादा छोड़ दिया, जबकि तमाम परिस्थितियां संघ के अनुकूल हैं।

आप सब जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर सन 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ0 केशव हेडगेवार द्वारा की गयी थी।

संघ ने आजादी की लड़ाई में क्या कुछ किया ये सब विवादास्पद है, और हो सकता है। किन्तु संघ प्रतिबंधों के बावजूद लगातार भारत की राजनीति में किसी न किसी रूप में हिस्सा लेता रहा है। राजनीति में हिस्सेदारी के लिए संघ ने जनसंघ बनाया। देश में जब 1975 में आपातकाल की घोषणा हुई तो तत्कालीन जनसंघ पर भी संघ के साथ प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल हटने के बाद जनसंघ का विलय जनता पार्टी में हुआ और केन्द्र में मिलीजुली सरकार बनी। इसी जनसंघ और संघ की वजह से 1980 में जनता पार्टी टूटी भी और भारतीय जनता पार्टी का जन्म हुआ। संघ को देश की सत्ता हासिल करने में पूरे 75 साल लगे। संघ की लम्बी साधना और प्रतीक्षा का ही सुफल था कि 2000 में जब संघ 75 वर्ष का हुआ तब संघदक्ष शाखामृग अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एनडीए की मिलीजुली सरकार भारत की केन्द्रीय सत्ता पर आसीन हुई। संघ की स्थापना का मूल और प्रारंभिक लक्ष्य हिंदू अनुशासन के माध्यम से चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करना और हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हिंदू समुदाय को एकजुट करना था। संघ अपने एक उद्देश्य में तो सफल हुआ किन्तु उसकी कल्पना का देश प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी नहीं बना सके। लेकिन संघ ने हार नहीं मानी। संघ अपने संगठन कि माध्यम से भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्शों को बढ़ावा देता रहा। बाजपेयी जी की सत्ता जाती रही किन्तु संघ बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को "मजबूत" करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा का प्रचार करने से पीछे नहीं हटा। बाजपेयी कि बाद संघ ने फिर साधना की और 2014 में अपने नए शाखामृग नरेंद्र मोदी कि जरिये देश की सत्ता पर अपना अधिकार जमाया। मोदी जी 2019 में दूसरी बार भी प्रधानमंत्री बने। उनके शासनकाल में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने और राम मंदिर बनाने का सपना भी पूरा हुआ, लेकिन इस दौर में संघ कमजोर और मोदी जी मजबूत होते चले गये। आज स्थिति ये है कि संघ मोदी जी को नहीं नचा पा रहा जबकि मोदीजी संघ को अपनी उँगलियों पर नचाने में समर्थ हो गए हैं। मोदी जी की मजबूती से लगातार कमजोर हुआ संघ अब सन्निपात में है। उसे खतरा है कि मोदी ब्रांड आने वाले दिनों में संघ को भी लील सकता है। इसीलिए तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए कमर कसकर काम कर रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अकेला छोड़कर संघ ने अपनी स्थापना का शताब्दी समारोह मनाने का इरादा ही बदल दिया।

जानकार सूत्र कहते हैं कि मोदी जी पिछली आधी सदी से भी ज्यादा समय से संघ कि लिए काम कर रहे दत्तात्रय होसबाले को संघ की कमान सौंपना चाहते हैं। दत्तात्रय इस समय संघ के सरकार्यवाह हैं और उनका कार्यकाल 2027 तक है। मजे की बात ये है कि संघ के प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने अगले साल होने वाले संघ के शताब्दी समारोह को न मनाने का निर्णय अचानक लिया या ये पहले से तय था, कोई नहीं जानता। लेकिन आशंका और अनुमान ये है कि डॉ भागवत संघ का शताब्दी समारोह मोदी जी के प्रयोजकत्व में नहीं मनाना चाहते। उन्हें भय है कि मोदी जी ने जैसे अब तक तमाम महत्वपूर्ण अवसरों पर देश की राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष और शंकराचार्यों को पीछे धकेलकर अपनी प्रभुता स्थापित की है, वैसा ही वे संघ के शताब्दी समारोह में भी करने से बाज नहीं आएंगे। आपको बता दें कि डॉ. मोहनलाल मधुकर राव भागवत 2009 से संघ की कमान सम्हाल रहे हैं। यानि वे इस मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी वरिष्ठ हैं। मोदी केंद्र की सत्ता में 2014 में आये। डेढ़ दशक से संघ की कमान सम्हाल रहे डॉ मोहन भागवत किसी भी सूरत में संघ को मोदीमय नहीं होने देना चाहते। मोदी जी के कार्यकाल में संघ के मुकाबले भाजपा ज्यादा मजबूत हुई है। देश के 450 जिलों में भाजपा के आधुनिक कार्यालय खोले किन्तु संघ की शाखाएं लगातार कम होती गयीं। एक जमाने में संघ की प्रातः, शाम और रात को भी लगभग 55 हजार से ज्यादा शाखाएं लगती थीं, किन्तु अब ये संख्या लगातार घट रही है। स्वयं सेवक संघ के बजाय भाजपा को महत्व देने लगे हैं। डॉ भागवत की नींद इसी वजह से उड़ी हुई है। मोदी जी ने तीसरी बार सत्ता में वापस लौटने के लिए संघ परिवार की पुरानी अवधारणा पर भी धूल डालते हुए नया जुमला मोदी का परिवार देकर संघ को सन्निपात की स्थिति में ला खड़ा किया है।

### छपी हुई किताबों को पछाड़ नहीं पाई हैं ई-बुक

ई-बुक को बाजार में आए दशकों हो चुके हैं और तब से छपी हुई किताबों के मर्सिये पढ़े जा रहे हैं, लेकिन आज भी छपी हुई किताबें ज्यादा बिकती हैं. ऐसा क्यों?

दिल्ली में रहने वाले 34 साल के संकेत शर्मा बताते हैं कि वह महीने की चार-पांच किताबें तो खरीद ही लेते हैं. एड्वर्टाइजिंग प्रोफेशनल शर्मा ने डीडब्ल्यू से कहा कि कोविड महामारी के दौरान उन्होंने काफी किताबें खरीदीं और महामारी के बाद भी इस संख्या में कमी नहीं आई है. 34 साल के संकेत उस पीढ़ी के पाठक हैं जिन्होंने किंडल पर ई-बुक पढ़ना शुरू किया. लेकिनई-बुकऔर उसके बाद ऑडियो बुक्स आने के बावजूद किताबों का खरीदना कम से कम उनके लिए तो कम नहीं हुआ। स्टैटिस्टा मार्केट इनसाइट के आंकड़े बताते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक किताबें यानी ई-बुक आज भी छपी हुई किताबों से जीत नहीं पाई हैं. अधिकतर देशों में आज भी छपी हुई किताबों की बिक्री ई-बुक से ज्यादा है. उदाहरण के लिए अमेरिका में पिछले साल लगभग 20 फीसदी आबादी ने कम से कम एक ई-बुक खरीदी. हालांकि छपी हुई किताब खरीदने वालों की संख्या 30 फीसदी रही। इलेक्ट्रॉनिक किताबों की अवधारणा 1970 के दशक से ही मौजूद रही है, लेकिन 1990 और 2000 के दशक में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी. जो ई-बुक रीडर सबसे पहले बाजार में आए थे, उनमें 1992 में आया सोनी डेटा डिस्कमैन शामिल है. हालांकि इसे बहुत ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली. ई-बुक की लोकप्रियता का नया दौर 2007 में शुरू हुआ जब एमेजॉन ने किंडल बाजार में उतारा.

**छपी हुई किताबें ज्यादा बिकीं**

चीन ही एक ऐसा देश है जहां ई-बुक, छपी हुई किताबों से ज्यादा बिक रही हैं. स्टैटिस्टा के मुताबिक वहां पिछले साल 24 फीसदी लोगों ने छपी हुई किताब खरीदी जबकि 27 फीसदी लोगों ने ई-बुक खरीदी। अपनी रिपोर्ट में स्टैटिस्टा ने लिखा है, "पूरी दुनिया में किताबों के बाजार के विश्लेषण के आधार पर कहा जा सकता है कि भले ही ई-बुक्स की लोकप्रियता बढ़ी है लेकिन वे छपी हुई किताबों को खत्म नहीं कर पाएंगी बल्कि उनके पूरक के रूप में मौजूद रहेंगी, जिससे प्रकाशन उद्योग को लाभ पहुंचेगा। छपी हुई किताबें खरीदने के मामले में ब्रिटेन के लोग बाकी दुनिया में आगे हैं. वहां लगभग 50 फीसदी आबादी ने पिछले साल कोई ना कोई किताब खरीदी है. इसके मुकाबले ई-बुक खरीदने वालों की संख्या 15 फीसदी रही. स्पेन और जापान में भी 40 फीसदी से ज्यादा लोगों ने छपी हुई किताब खरीदी जबकि ई-बुक खरीदने वालों की संख्या 20 फीसदी से कम रही.

**भारत में किताबों का हाल**

भारत में छपी हुई किताबें खरीदने वालों की संख्या 25 फीसदी से कुछ ही ज्यादा रही जबकि 10 फीसदी से कम लोगों ने ई-बुक खरीदी. जानकार कहते हैं कि भारत में पढ़ने की आदत दूसरे समाजों के मुकाबले कम है इसलिए बिक्री बहुत ज्यादा नहीं है.

जाने-माने लेखक सुंधाशु गुप्त कहते हैं, "लोग छपी हुई किताबें खरीदते हैं या ई बुक्स, इससे पहले ये सवाल भी जरूरी है कि क्या लोग किताबें खरीदते हैं, और किस समाज में, किस उम्र के लोग?" डीडब्ल्यू से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत में आज भी शिक्षित लोगों की संख्या बहुत कम है, बावजूद इसके किताबें तो बिकती ही हैं. प्रकाशकों की प्रगति और पुस्तक मेलों में आने वाली भीड़ उनकी इस बात की गवाह है. गुप्त का कहना है कि जब हम पूरी तरह से शिक्षित समाज की बात करेंगे, जहां लोग (और खासकर युवा) ई बुक्स का सही अर्थ और उपयोग जानते हैं, वे निश्चित रूप से ई बुक्स के प्रति अधिक आकर्षित होंगे. उन्होंने यह भी कहा, "भारतीय समाज में जहां किताबों के प्रति ही आकर्षण खत्म हो रहा है, वहां ई बुक्स यदि कोई खरीद भी रहा है तो वह युवा पीढ़ी ही है. अधेड़ या वृद्ध आज भी छपी हुई किताब के प्रति ही झुकाव रखते हैं. ई बुक्स और छपी हुई किताबों के बीच की दूरी कम करने का कहीं भी कोई जरिया दिखाई नहीं देता."

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

**– ललित गर्ग –**



लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़िया बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो विरासत टैक्स के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं।

अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी। कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए। निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सतत रूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती।

भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे.हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये।

सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे।

सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है। ऐसी योजना यूपीए सरकार में तय भी हुई थी कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यक और उसमें भी सबसे अधिक मुस्लिमों का है, उस प्रकार से कांग्रेस की यह मुसलमानों को लुभाने एवं उन्हें लाभ पहुंचाने की अघोषित चुनावी घोषणा है, इस तरह की घोषणाएं लोकतंत्र में सुशासन एवं राजनीति मूल्यों को धुंधलाने की कुचेष्टा ही कही जायेगी। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता बादशाह नहीं होता बल्कि साधारण मतदाता बादशाह होता है क्योंकि उसके ही एक वोट से सरकारें बनती और बिगड़ती हैं। मतदाता को जो मूर्ख समझते हैं उनसे बड़ा मूर्ख दूसरा नहीं होता। ऐसे तथाकथित बयानों से भारत में संसदीय प्रणाली का लोकतंत्र कभी भी प्रभावित नहीं होगा, वह सफल रहा है और रहेगा क्योंकि भारत के लोग अनपढ़ व गरीब हो सकते हैं मगर वे अज्ञानी या मूर्ख नहीं है। उनका व्यावहारिक ज्ञान बहुत मजबूत होता है और वे राजनीतिक दलों के भ्रम में नहीं आने वाले, गुमराह नहीं होने वाले। यह सच है कि जब से भारत में जातिवादी, क्षेत्रवादी, भाषावादी, वर्गवादी व सम्प्रदायवादी राजनीति का बोलबाला हुआ है तभी से राजनीति के विमर्श में गिरावट आनी शुरू हुई है, लेकिन इस गिरावट को संभालने के लिये मतदाता को अधिक परिवक्व एवं समझदार होने की अपेक्षा है।

प्रेषकः
**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# 10 बरस बाद मोदी का मुद्दा ! लाज़िम है हम भी देखेंगे!



एक तरफ 400 की हुंकार है. 370 का शोर है. विपक्ष को मटियामेट कर देने की रस्साकशी है, दूसरी तरफ डर के मारे घिग्घी भी बंधी हुई है. 10 साल के शासन के बाद आलम ये है कि हिन्दू वोटरों को डराने की नौबत आन पड़ी है. लौट के बुद्धू घर को आए की तर्ज पर मोदी वहीं पहुंच गए हैं, जहां से वो चले थे. दस साल के मोदीराज का हर प्रॉडक्ट बिकने से इनकार कर चुका है. राम को लाने का दावा करने वाले राम पर भी भरोसा नहीं कर पा रहे हैं, या फिर राम सत्ता पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं, बता पाना मुश्किल हो रहा है.

दुष्यंत कुमार ने कभी लिखा था, कहाँ तो तय था चरागाँ हर एक घर के लिए कहाँ चराग मयस्सर नहीं शहर के लिए . ये शेर मौजूदा सत्ता पर सटीक बैठता है. पिछले दस सालों में रौशनी के दावों के बीच तमाम मुद्दों की जानिब तमाम चरागों का प्रॉडक्शन हुआ. लेकिन हाय रे किस्मत 2024 के आम चुनाव भगवा ब्रिगेड के लिए घटाटोप अंधकार साबित हो रहा है. एक भी चराग( एक भी काम) सत्ता के काम नहीं आ रहा. लिहाजा ब्राण्ड मोदी के रणनीतिकारों ने फिर से धार्मिक विभाजन के आयोजन को खुराक पानी देना शुरू कर दिया है. मोदी चुनावी सभाओं में फिरसे मुस्लिमों को, कांग्रेस को घेरने लगे हैं. अपने सियासी पराभव से मुखातिब कांग्रेस एक बार फिर से उनको मुस्लिम तुष्टिकरण का सबसे बड़ा खतरा नजर आने लगी है.

धर्म की आंच पर सत्ता पनपती है, सत्ताधीश अपने महल खड़े करते हैं, ये सुना था, पढ़ा था लेकिन 2024 की चुनावी सभाओं में हिंदुओं को कांग्रेस के नाम पर, मुस्लिमों के नाम पर डराते मोदी को देख कर ये यकीन पुख़्ता हो गया है. अपने को फकीर कहता ये शख़्स महज कहने के लिए फकीर है. दुनिया का आखिरी ऐश्वर्य भोगता ये सम्राट फकीरी का चोला ओढ़े हुए है. हिंदुस्तानी सियासत के ताल तिकड़म को एक अलग ही लेबल पर ले जाने वाला ये कथित फकीर एक बड़ी आबादी का आदर्श चेहरा बन गया. क्या मूर्ख क्या सयाना, सब इसकी ताल पर नाचते रहे. तकदीर का इतना धनी कि झूठ बोला तो सच के पार चला गया. झूठ पकड़ा गया तो भगवान हो गया. हर विरोधी चाहे खुद की पार्टी का रहा या विपक्षी, सब एक एक कर सियासी डस्टबिन में डाल दिए गए. ये सिलसिला बदस्तूर जारी है. सियासत की हर लड़ाई में वक़्त ने इस कथित फकीर का साथ दिया. लेकिन पॉवर के सबसे ऊंची पायदान पर बैठा ये शख़्स गवर्नेंस के हिस्से में शायद मात खा गया है. चुनावी राजनीति के इस ध्रुव तारे को अपना ही रिपोर्ट कार्ड खराब लग रहा है.लिहाजा नफरत से लोगों तक पहुंच बनाने वाले इस शख़्स ने नफरत को ही अपना साजो सामान और हथियार बनाया. और फिर नफरत बेचने लगा है. आजकल मोदी चुनावी रैलियों में कहते फिर रहे हैं कि विपक्षी पार्टी और इंडिया ब्लॉक की नजर लोगों की कमाई और संपत्ति पर है. मोदी कहते हैं कि कांग्रेस सरकार देश की संपत्ति को घुसपैठियों और अधिक बच्चे पैदा करने वालों में बांट देगी. मोदी का आशय मुसलमानों से है. अलीगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि वे जांच करवाएंगे कि कौन कितना कमाता है. आपके पास कितनी संपत्ति है, आपके पास कितना पैसा है, आपके पास कितने घर हैं? सरकार इस संपत्ति पर कब्जा करेगी और इसे सभी को बांटेगी.

मोदी ने कहा कि हमारी माताओं और बहनों के पास सोना है. यह स्त्रीधन है, इसे पवित्र माना जाता है, कानून भी इसकी रक्षा करता है. उनकी नजर आपके मंगलसूत्र पर है. समझ नहीं आता कि पिछले आम चुनावों में अजान के वक़्त अपना भाषण रोक देने वाले मुसलमानों को क्यों टारगेट कर रहे हैं? पिछले सालों में लगातार मजारों पर चादरें भेजने वाले मोदी 2014 के मोदी बन बैठे हैं. वो मोदी जो मुस्लिम टोपी पहनने से इनकार कर एक बड़ी आबादी के चहेते बन गए थे.

चलते चलते एक बात और... संसद में जब धारा 370 हटाने पर डिबेट हो रही थी तब लद्दाख से भाजपा सांसद जामयांग त्सेरिंग ने अपने भाषण से देश भर का ध्यान खींचा था. उनका ये कहना भी पढ़िए, भाजपा में शामिल होना और मोदी का समर्थन करना मेरा सबसे खराब निर्णय था, मुझे उनकी रणनीति का पता नहीं था, लद्दाख के लोग मुझे माफ कर दें. बहरहाल फिर से कट्टरता की तरफ बढ़ रहे मोदी रथ की रफ़्तार और उसके हासिल को लाजिम है हम देखेंगे.

**ग्डॉ. अम्बरीष राय**

## लहू बोलता भी है

**– सर्वमित्रा सुरजन**

इंडिया गठबंधन के नाम से इस बार जो विपक्षी मोर्चा तैयार हुआ है, उसका उद्देश्य भी संविधान को बचाना ही है। इसलिए अपने सारे मतभेदों और स्वार्थों को किनारे कर-के, 28 दल इस बार एक साथ चुनाव लड़ने उतरे हैं। इन सभी दलों के अलग-अलग घोषणापत्र हैं, मगर सबके मूल में संविधान की रक्षा और जनता को न्याय दिलाने की भावना दिखाई दे रही है।

भारत में 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव हो रहे हैं, जिसमें पहले चरण का मतदान पूरा हो चुका है और अब शुक्रवार 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर है। 1 जून को आखिरी चरण के वोट पड़ेंगे और तब तक इसी तरह चुनावी रैलियों, सभाओं, जुलूसों, रोड शो की गहमागहमी बरकरार रहेगी। भारत के नागरिकों के लिए यह गर्व की बात है कि हमारी लोकतांत्रिक निर्वाचन की परंपरा आजादी के 77 वर्ष बाद भी बरकरार है। इसका मतलब यह है कि आजाद भारत के सपनों को पूरा करने के लिए जो संविधान बनाया गया था, वो कारगर साबित हुआ है। इस संविधान में एक ओर नागरिक अधिकारों को अक्षुण्ण रखने के लिए सख्ती है, तो दूसरी ओर वक्त के साथ बदलाव करने के लिए लचीलापन भी है। इसलिए अगर इस आजादी और नागरिक होने के अधिकार को बचाकर रखना है, तो सबसे पहले संविधान को बचाना होगा।

इंडिया गठबंधन के नाम से इस बार जो विपक्षी मोर्चा तैयार हुआ है, उसका उद्देश्य भी संविधान को बचाना ही है। इसलिए अपने सारे मतभेदों और स्वार्थों को किनारे कर-के, 28 दल इस बार एक साथ चुनाव लड़ने उतरे हैं। इन सभी दलों के अलग-अलग घोषणापत्र हैं, मगर सबके मूल में संविधान की रक्षा और जनता को न्याय दिलाने की भावना दिखाई दे रही है। भाजपा इंडिया गठबंधन के बाकी दलों की चर्चा तो नहीं करती, लेकिन कांग्रेस के घोषणापत्र की चर्चा अब भाजपा के हर मंच से हो रही है। भाजपा के सबसे बड़े स्टार प्रचारक नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस का न्यायपत्र नाम से जारी घोषणापत्र पर पहले दिन से ही हमला शुरू कर दिया। सबसे पहले उन्होंने इसे मुस्लिम लीग की छाप वाला घोषणापत्र कहा। यह दांव कुछ दिन श्री मोदी चलते रहे, लेकिन इससे कांग्रेस को ही लाभ मिलने लगा। क्योंकि लोगों ने कांग्रेस के घोषणापत्र को और ध्यान से पढ़ना शुरू कर दिया कि इसमें ऐसे कौन से मुद्दे हैं, जिनमें मुस्लिम लीग की छाप नजर आ रही है। मगर नरेन्द्र मोदी जैसी नजरें जनता को नहीं मिली, इसलिए वो मुस्लिम लीग का म इस घोषणापत्र में नहीं ढूंढ पाई। इसके बाद श्री मोदी ने दूसरे म का दांव चला, इस बार उन्होंने मंगलसूत्र को अपना हथियार बनाया। राजस्थान के बांसवाड़ा में हुई रैली में श्री मोदी ने जनता को बताया कि कांग्रेस की नजर आपकी संपत्ति पर है और माताओं-बहनों के मंगलसूत्र को भी कांग्रेस छीन लेगी और जिनके ज्यादा बच्चे होते हैं, यानी मुसलमान उनमें बांट देगी। आचार संहिता के लिहाज से झूठ और नफरत वाले बयान देने के कारण श्री मोदी पर चुनाव आयोग को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ, इसके बाद अलीगढ़ में श्री मोदी ने फिर से इसी तरह का बयान दिया और उसके बाद राजस्थान में फिर से कांग्रेस के घोषणापत्र, मंगलसूत्र, हनुमान चालीसा पढ़ने की आजादी, रामनवमी मनाने की छूट इन सबको लेकर नफरत का रिकार्ड उलट-पुलट कर बजाना जारी रखा। चुनाव आयोग के पास कांग्रेस समेत कई दलों ने शिकायतें दर्ज की, लेकिन सब व्यर्थ ही है, क्योंकि श्री मोदी पर कोई अंकुश लग ही नहीं रहा है। मंगलसूत्र छीनने का डर दिखाकर श्री मोदी ने महिलाओं के साथ भावनात्मक खेल खेलने की कोशिश की है। हालांकि इस बार भी म नाम का दांव उन पर उल्टा पड़ रहा है। क्योंकि इस देश की हजारों महिलाओं के मंगलसूत्र पहले नोटबंदी में छीन लिए गए, फिर कोरोना की मार से जब हजारों गृहस्थियां उजड़ गईं, तब मंगलसूत्र छीने गए। पुलवामा हमला या चीन की घुसपैठ की घटनाओं में सैनिक शहीद हुए और उनकी पत्नियों के मंगलसूत्र छीने गए। किसान आंदोलन के दौरान या कर्ज के बोझ के कारण जिन किसानों की जानें गईं, तब उनकी पत्नियों के मंगलसूत्र छीने गए। इस तरह दस साल में एक बार नहीं, बार-बार महिलाओं को इस दर्द से गुजरना पड़ा और अब नरेन्द्र मोदी उस पर माफी मांगने, अफसोस जताने या मलहम लगाने की जगह डरा रहे हैं कि कांग्रेस की सरकार आई तो मंगलसूत्र भी नहीं बचेंगे। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने श्री मोदी के इस दांव का जवाब देते हुए कहा कि मेरी दादी ने युद्ध के दौरान अपने जेवर दे दिए, मेरी मां का मंगलसूत्र इस देश के लिए कुर्बान हुआ। इस करारे जवाब के बाद भाजपा को बचाव का कोई रास्ता नहीं सूझा तो उसकी ट्रोल आर्मी के लोग सोशल मीडिया पर राजीव गांधी की शहादत का मखौल उड़ाने लगे। सोनिया गांधी की वे तस्वीरें जारी की जा रही हैं, जहां वे राजीव गांधी के साथ हैं, लेकिन उन्होंने मंगलसूत्र नहीं पहना है। प्रियंका गांधी की भी बिना मंगलसूत्र पहने तस्वीरें जारी हो रही हैं और उनसे हिंदू होने का प्रमाण मांगा जा रहा है। यह सब एक तरफ भाजपा की अपने विरोधियों के लिए अपमानभरी निकृष्ट सोच का परिचायक है, तो दूसरी तरफ जनता को कठपुतलियों की तरह इस्तेमाल करने वाली मानसिकता का प्रदर्शन भी है। क्योंकि चुनावों में मुद्दे जनता के सरोकारों वाले होने चाहिए।

# मतदान प्रक्रिया की दो पालियों में दी बारीकी से जानकारी

**डीएम की मौजूदगी में हुआ प्रशिक्षण**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की मौजूदगी में विकास भवन सभागार में लोस चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शिता से सम्पन्न कराने को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा- निर्देश अनुसार दो पालियों में 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण हुआ।

गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल- सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि ये तीसरा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बीस मई को जिले में मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग ने एमपीएस एप, मतदान प्रतिशत संकलन एप लागू किया है। उसी के अनुसार मतदान प्रक्रिया की जानकारी एप से मोबाइल पर डाउनलोड कर दी जानी है। एआरओ रजिस्ट्रेशन सेक्टर मजिस्ट्रेट को भेजेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन करेंगे। इसे अच्छे से समझ लें, ताकि मतदान के दिन कोई समस्या न आये। रूट चार्ट दिया गया है, उसी के अनुसार सभी मतदान केंद्रों का भ्रमण कर लें। मतदान का कार्य पोलिंग पार्टियां करेंगी। उसमें सहयोग करना है। गंभीरता से प्रशिक्षण लेकर चुनाव को सकुशल संपन्न करायेंगे। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। मतदान के एक दिन पहले पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी, तो सभी बूथों का निरीक्षण करेंगे। व्यवस्थाओं को देखेंगे, कोई समस्या है तो तत्काल निस्तारण एआरओ से करायेंगे।

माक पोल दौरान व मतदान दौरान मशीन खराब होती है तो भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार बदली जायेगी। सभी लोग अच्छा कार्य करेंगे। कानून व्यवस्था को लेकर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था है। एक बार अपने-अपने मतदान क्षेत्र का भ्रमण जरूर कर लें। ज्वलंत व क्रिटिकल बूथों के बारे में जानकारी करें। जो कारक हैं, उन पर क्या कार्यवाही हुई,



प्रशिक्षण में हिस्सा लेते जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेट।

इसकी जानकारी रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश हैं कि जो अधिकारी- कर्मचारी की चुनाव ड्यूटी लगाई है, उनके प्रपत्र 12 क तत्काल भरवा कर भेजें, ताकि उनका मतदान ईडीसी से कराया जा सके। जो अधिकारी-कर्मचारी जिले में नौकरी कर रहे हैं, दूसरे जिले के हैं, वे प्रपत्र 12 भरेंगे। उसमें निर्वाचन ड्यूटी की छायाप्रति व ईपिक की छायाप्रति लगाकर भेजेंगे, ताकि संबंधित जिलों पर भेजकर उनके मतदान की प्रक्रिया पूरी कराई जा सके।

सीडीओ अमृतपाल कौर ने कहा कि जो प्रशिक्षण आज दिया गया है, उसका अच्छे से अध्ययन कर लें, ताकि मतदान दौरान कोई समस्या न आये। भारत निर्वाचन आयोग के लागू एप पर मतदान प्रक्रिया की सूचना भेजनी है। उन्होंने कहा कि जो भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव सम्पन्न कराने को बुकलेट दी है, उसका अच्छे से अध्ययन करें, ताकि मतदान दौरान कोई समस्या न आये। प्रशिक्षण एएसडीएम मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ला ने 236 चित्रकूट विधानसभा व 237 मानिकपुर विधानसभा के जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को दोनों पालियों में दिया। ईवीएम मशीन संचालन, वैलेट यूनिट, वीवी पैट, कंट्रोल यूनिट, मशीनों का सीरियल नंबरों का मिलान करना, मत पत्र क्रम, पोलिंग पार्टियों निर्धारित वाहनों से रवानगी, मशीनों की सीलिंग, मशीनों का रखरखाव, माक पोल, वोटिंग कंपार्टमेंट, सीआरसी करना, वास्तविक मतदान प्रारंभ होने से पहले, वीवी पैट बैटरी बदलना, वीवी पैट बदलना, सीयू को पावर ऑफ करना, ग्रीन पेपर की सीलिंग, वास्तविक मतदान की सीलिंग, एबी सीलिंग, मतदाता पर्ची, क्लोज बटन दबाना, मतदान दौरान विशेष हालातों, एएसडी मतदाता, चैलेंज वोट, टेंडर वोट, मतदाता के मत देने से इंकार करना, प्राक्सी के मतदान, आयु बाबत आपत्ति, मतदाता के मतदान प्रक्रिया का उल्लंघन, दृष्टिबाधित एवं असक्त मतदाताओं बाबत, पोस्टल बैलेट, पीवी, ईडीसी, पीठासीन अधिकारी की डायरी आदि बिंदुओं की जानकारी दी गई।

प्राशिक्षण दौरान डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया समेत संबंधित अधिकारी व दोनों विधानसभा के जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

# मलेरिया दिवस पर बचाव की दिलाई शपथ

## 023-24 में नहीं मिले मलेरिया रोगी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विश्व मलेरिया दिवस पर लोगों को मलेरिया रोग से बचाव को जागरूक कर शपथ दिलाई। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि मलेरिया दिवस पर रोग से बचाव को जनता में जागरूकता बढ़ाने व प्रदेश को मलेरिया मुक्त करना है।

गुरुवार को सीएमओ ने कहा कि जिले में मलेरिया रोग की जांच व रोकथाम को पर्याप्त साधन हैं। एसीएमओ डॉ गंगाराम रतमेले ने बताया कि मलेरिया जानलेवा रोग है। मादा मच्छर एनाफिलीज के काटने से होता है। तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, उल्टी आदि मलेरिया रोग के लक्षण हैं। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि 2023 में 77878 बुखार से ग्रसित रोगियों के ब्लड नमूने से जांच में कोई भी रोगी मलेरिया का नहीं मिला। 2024 में 17369 बुखार ग्रसित रोगियों की मलेरिया जांच में अभी तक कोई मलेरिया धनात्मक रोगी नहीं मिला। विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया विभाग टीम के सहायक मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक रोहित व्यास, मलेरिया निरीक्षक प्रगति चंदेल, ज्योति सिंह, जयशंकर गुप्ता, कीट संग्रहकर्ता व एसएफडब्लू ने संवेदनशील क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया। हर रविवार मच्छर पर वार की तर्ज पर लोगों को अपने घरों के कूलरों का पानी साफ करने व घरों के आसपास पानी जमा न होने देने के प्रति जागरूक किया। नालियों व जलभराव वाले स्थानों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया।

# पहाडी में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे लोग

**कई बार सचिव से कहने पर भी नहीं सुधारे हैण्डपम्प**

अखंड भारत संदेश

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाडी कस्बे के आधा सैकड़ा हैंडपम्प खराब होने से क्षेत्रीय लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

गुरुवार को कस्बा पहाड़ी के हैण्डपम्पों की दशा का खुलासा हुआ। बताया गया कि पहाड़ी में इन दिनों भीषण जल संकट है। ब्लाक मुख्यालय होने के बाद किसी भी जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी को पहाड़ी के पेयजल की समस्या नहीं दिख रही। बारह हजार की आबादी वाले पहाड़ी में डेढ़ सौ हैंडपंप सासंद-विधायक निधि से लगे हैं। एक माह से कस्बे के पचास हैंडपम्प खराब हैं। मौजूदा प्रधान व सचिव की उदासीनता से कस्बा पहाडी के



कस्बे में लोगों को मुंह चिढाता ठूंठ हैण्डपम्प।

लोग एक किमी दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। कस्बा के बस स्टाप पर देवी मंदिर, विकास खंड मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चन्द्रदत्त त्रिपाठी के घर के पास, नांदी चैराहा, कोआपरेटिव बैंक समेत महाराजपुर, ओबरी, बरमपुर, हरिजन बस्ती आदि स्थानों के हैंडपम्प एक माह से खराब पडे हैं। बार-बार समिति व सचिव से कहने के बाद भी हैंडपंप मरम्मत नहीं कराई जा रही। शासन के निर्देश हैं कि गर्मी में पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करें। पहाड़ी के अधिकारी-कर्मचारी के लिए ये आदेश मायने नहीं रखते। सबसे बड़ी समस्या हरिजन बस्ती की है, जहां पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाती। करीब एक हजार लोग पालेश्वरनाथ इंटर कालेज से पीने को पानी लाते हैं। बस स्टाप का हैंडपंप खराब होने से यात्रियों को पेयजल को भारी परेशानी हो रही है। हर यात्री बिसलरी नहीं खरीद सकता। सबसे बड़ी दिक्कत जानवरों के पेयजल को है। कस्बा पहाड़ी में तालाब- पोखर सूख चुके हैं। नदी-नाला नही हैं, इंसान खुद के पीने के पानी को दर-दर भटक रहा है तो जानवरों की व्यवस्था कैसे करें? विकास खंड मुख्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होने से प्रतिदिन तकरीबन दस हजार लोगों का आवागमन होता है। बस स्टाप के हैंडपंप की मरम्मत की किसी ने सुध नहीं ली। कस्बा के अशोक गुप्ता, महंत हलवाई, इस्लाम मोहम्मद, सरोज, शिवपूजन आदि ने कहा कि इस बाबत सचिव श्याम से कई बार कहा। आज तक हैण्डपम्पों की मरम्मत नहीं कराई। अब जिलाधिकारी से भेंटकर कस्बे के हैण्डपम्प की दुर्दशा की शिकायत करेंगे।

# लोस चुनाव में वाहनों की सख्ती से करें जांचः एडीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र व जिला निर्वाचन अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में लोकसभा चुनाव को गठित उड़नदस्ता व स्थैतिक निगरानी टीमों की समीक्षा हुई।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी एफआर उमेश चंद्र निगम की अध्यक्षता में हुई बैठक में उड़नदस्ता/स्थैतिक निगरानी टीम के सभी मजिस्ट्रेटों/पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। नोडल अधिकारी (व्यय)/वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने उड़नदस्ता/स्थैतिक निगरानी टीमों से कहा कि ड्यूटी दौरान चुनाव आयोग के जारी मानक के तहत कार्य करने के निर्देश हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी एफआर ने उड़नदस्ता/स्थैतिक निगरानी टीमों के प्रभारी अधिकारियों/पुलिस अधिकारियों को वाहनों की जांच करने के निर्देश दिये, ताकि कोई भी अवैध सामग्री/धनराशि के वितरण को रोका जा सके। नोडल अधिकारी/एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने निर्देश दिये कि सभी वाहनों की जांच सघनता से की जाये। जांच दौरान शालीनता से बर्ताव करें। निर्देश दिये कि पर्यटकों की जांच दौरान मुख्य निर्वाचन कार्यालय उप्र से जारी निर्देशों का पालन करें। उप जिलाधिकारी न्यायिक ने भी सभी स्थैतिक निगरानी टीमों, उड़नदस्ता टीमों से तालमेल से काम करने के निर्देश दिये। अंत में सहायक कोषाधिकारी अवधेश प्रताप सिंह ने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# टॉप टेन अपराधियों पर करें कार्यवाहीः डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में कानून व्यवस्था व अभियोजन तथा नारकोटिक्स बाबत हुई बैठक में जिलाधिकारी ने शासकीय अधिवक्ता को निर्देश दिये कि आर्म्स एक्ट में कुछ केश चिन्हित कर कार्यवाही करें। टॉप टेन अपराधियों के गवाहों बाबत कहा कि सम्मन देकर प्रगति करायें।

गुरुवार को कलेक्टेªट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी को निर्देश दिये कि मॉनिटरिंग करते रहें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि लिपिक फाइलों में आनाकानी कर रहे हैं, खिलाफ कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी को निर्देश दिये कि फाइलों में क्या कमी है, विचार कर प्रगति करायें। शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि सरकारी पदों पर रखा है, मुकदमों में कमी



बैठक में बोलते डीएम-एसपी।

करायें। हर बैठक में बहाना बनाते हैं, ऐसे कार्य नहीं होगा। पास्को एक्ट बाबत कहा कि पहले सूची बनाकर कार्य करते थे, तो प्रगति होती थी, उसी तरह कार्य करें। शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि किसी प्रकार की समस्या है तो बतायें। बैठक में एससी/एसटी एक्ट, महिलाओं-बालिकाओं के विरुद्ध अपराध, आईपीसी धारा, सत्र न्यायालय, अधीनस्थ न्यायालय, अन्य अधिनियम, सम्मन तामीला, गवाहों की हाजिरी, जमानत, एनडीपीएस एक्ट आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एडीएम एफआर उमेश चंद्र निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी दिनेश त्रिपाठी, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी अखिलेंद्र सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह समेत सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## 48 घंटे में चोर समेत बाइक बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी की टीम ने मोटरबाइक चोर को 48 घंटे में चोरी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि 22 अप्रैल को कोतवाली कर्वी के कोठिलिहाई गांव के नीरज कुमार पुत्र रामलाल ने कर्वी में सूचना दी कि मारवाड़ी ढ़ाबा बेड़ीपुलिया से एक व्यक्ति मोटरबाइक यूपी 96एच-7652 चुरा ले गया है। पुलिस ने मामला दर्जकर खुलासे की जिम्मेदारी चैकी प्रभारी सीतापुर को दी। वाहन जांच दौरान यूपीटी तिराहा से प्रशांत सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह बंशीपुर भैसौंधा के कब्जे से चोरी की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया।

## चार के कब्जे से 50 लीटर महुआ-25 क्वार्टर बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने चार लोगों के कब्जे से पचास लीटर महुआ व 25 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। गुरुवार को मऊ थाने के दरोगा दिव्यांश पाण्डेय ने अजमत पुत्र शफूर, दीनदयाल पुत्र भगवानदीन बियावल के कब्जे से 20-20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। राजापुर थाने के दरोगा शैलेन्द्र सिंह ने जितेन्द्र सोनकर पुत्र जगलाल सोनकर गुइयांपुरवा कस्बा राजापुर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। भरतकूप थाने के दरोगा बालकिशुन ने रामप्रकाश पुत्र रामजियावन त्रिपाठी टिटिहरा के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# मतदान को महिलाओं को करें जागरूकः बीडीओ

अखंड भारत संदेश

**पहाडी/चित्रकूट।** स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता बढ़ाने व मतदान प्रतिशत बढ़ाने को खासतौ पर महिला मतदान बढ़ाने को ब्लॉक सभागार पहाड़ी में बीडीओ की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, स्वयं सहायता समूह महिलाओं की जागरूकता को बैठक हुई।

गुरुवार को आंगनबाड़ी ने रंगोली में हिस्सा लिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आशाओं को बीडीओ ने निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में चुनाव आयोग की दूत बनकर जायें। प्रत्येक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता व पोषण दिवस पर महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करें। दस्तक अभियान में आशा व आंगनबाड़ी साथ में घर-घर भ्रमण पर जायें तो विभागीय कार्य के साथ सभी परिवारों



आंगनबाडी-आशाओं को जागरूक करते बीडीओ।

व महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान को प्रेरित करें। बैठक में मौजूद महिला-पुरुषों को मतदाता शपथ दिलाई। सभी ने मतदाता हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया।

मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों ने सहभागिता निभाई। महिला मतदाता जागरूकता अभियान शुभारंभ में बीडीओ दिनेश मिश्रा, सीडीपीओ वीरेंद्र कुशवाहा, सीडीपीओ पहाड़ी महेन्द्र पटेल, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ उदयप्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार, बीपीएम, बीसीपीएम, बीएमएम समेत मुख्य सेविका आदि मौजूद रहे। संचालन सीडीपीओ महेन्द्र पटेल ने किया।

# लोस चुनाव शान्तिपूर्ण कराने को आबकारी ने बरामद की 40 लीटर महुआ शराब

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी आयुक्त के आदेश पर जारी विशेष प्रवर्तन अभियान में जिलाधिकारी के निर्देश पर अवैध शराब की रोकथाम को आबकारी विभाग ने विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर छापेमारी कर भारी तदाद में महुआ शराब व शराब बनाने



लहन बरामद करती टीम।

के उपकरण तथा लहन बरामद किया। गुरुवार को आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल सिंह की अगुवाई में लगातार दबिश दी जा रही है।

जिले के राजापुर, मऊ व कोतवाली कर्वी के विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर आबकारी टीम ने छापेमारी कर 40 लीटर महुआ शराब बरामद की। दो सौ किग्रा लहन मौके पर नष्ट किया। अधिसूचना जारी होने से अब तक आबकारी विभाग ने 4355 लीटर महुआ शराब बरामद कर कार्यवाही की है। चुनाव को देखते हुये जिला आबकारी अधिकारी अखिलेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि चुनाव को शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को किसी प्रकार के अवैध शराब का निर्माण न होने दिया जायेगा। न ही बिक्री होने दी जायेगी। आबकारी टीम के आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह, कृष्ण कुमार मिश्र, नीरज वर्मा, रविशंकर गुप्ता, आबकारी सिपाही शिवसागर, लालचन्द्र, मो अकरम, लालाराम वर्मा, दुष्यंत यादव, महिला आबकारी सिपाही रंजना सिंह व सुमित्रा आदि मौजूद रही।

## 16 घंटे में चोर समेत बोलेरो बरामद

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी की टीम ने 16 घंटे में बोलेरो चोरी की घटना का खुलासा कर चोर को चोरी की बोलेरो समेत गिरफ्तार किया। ज्ञात है कि बुधवार को शाम चार बजे राजकीय महाविद्यालय बेड़ीपुलिया कोतवाली कर्वी के धर्मेन्द्र सिंह पुत्र रामगुलाम ने सूचना दी कि अज्ञात लोग रैन बसेरा सीतापुर के सामने से बोलेरो यूपी 96बी-6701 चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर चैकी प्रभारी सीतापुर को बरामदगी के निर्देश दिये। पुलिस टीम ने वाहन जांच दौरान बेड़ीपुलिया गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय के पास से विकास यादव पुत्र उमाशंकर यादव शास्त्री रोड महादेवन मंदिर गंगापुर कालोनी थाना बिधनू कानपुर नगर को चोरी की बोलेरो समेत गिरफ्तार किया। उसने बोलेरो नम्बर से छेड़छाड़ कर दी थी, ताकि कोई पहचान न पाये। चोर को बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में चैकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी, दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही अभिषेक प्रताप सिंह व रवि शंकर शामिल रहे।

# अन्तर्जनपदीय चार चोरों के कब्जे से 14 बाइकें बरामद

**चार तमंचे, कारतूस, फोन बरामद, राजापुर पुलिस को मिली बडी सफलता**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि राजापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने अन्तर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का खुलासा कर चार चोरों को चोरी की 14 मोटरबाइक, चार तमंचे व आठ कारतूस, आठ मोबाइल फोन व लूट के सात सौ रुपये समेत गिरफ्तार किया है। गया। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार



पत्रकारों से बात करते एसपी।



पुलिस गिरफ्त में बाइक चोर।

सिंह पुलिस कार्यालय राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने बताया कि अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में एसओजी/सर्विलांस तथा राजापुर की संयुक्त टीम ने अंकित सिंह पुत्र स्व दिनेश सिंह निवासी मऊ मर्का बांदा, बउआ सिंह उर्फ सत्यांशु सिंह पुत्र लवकुश सिंह छीबों राजापुर, उत्तम कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद लोधौरा बरेठी रैपुरा व नवनीत पुत्र बब्बू निवासी छीबों राजापुर को दबोच कर उनके कब्जे से चोरी की 14 मोटरबाइक, चार तमंचे 315 बोर, आठ कारतूस, आठ फोन, लूट के सात सौ रुपये तुलसी ढ़ाबा पशु बाजार राजापुर से बरामद किये।

राजापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार व एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी को मुखबिर से सूचना मिली कि राजापुर तुलसी ढ़ाबा के पास से बाइक चोर गैंग गुजरेगा। पुलिस ने चार लोगों को दबोचकर उनके कब्जे से ये बरामदगी की। सख्ती से पूंछताछ में बताया कि 22 अप्रैल की रात नगर पालिका कार्यालय के सामने से राजापुर के एक व्यक्ति से लूट की थी। फोन व सात सौ रुपये लूटे थे। ये मामला थाने में दर्ज है। चोरों ने बताया कि वे सब साथी नवनीत से मिलकर गैंग बनाकर भीड़भाड़ के स्थान पर बाइक सवार की रेकी कर बाइकों को चुराते हैं। चोरी की बाइकें पशु मेले टीनशेड के नीचे नवनीत की देखरेख में छिपा रखी हैं। पुलिस टीम ने बाइकों को बरामद किया। बरामद बाइकों बाबत थाने में मामला दर्ज है। सभी पर बरामदगी की धारायें बढायी। चारों का विभिन्न थानों में आपराधिक इतिहास है। टीम में एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, सिपाही रोहित सिंह, आशीष यादव, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, ज्ञानेश मिश्रा, राजापुर पुलिस टीम के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, निरीक्षक अपराध विनोद कुमार, दरोगा कन्हैया बक्स, दरोगा इमरान खान, दरोगा यूटी अखिलेश सिंह यादव, दीवान मुकेश कुमार, सिपाही लवकुश यादव, उज्ज्वल पाण्डेय, प्रकाश मिश्रा, वीरपाल, शुभम मिश्रा शामिल रहे।

## मोशू ने डेढ सौ छात्र-छात्राओं के बीच बांटे स्मार्ट वाच

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के नतीजे आने के बाद मोशू मोबाइल ने 90 फीसदी से ऊपर अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को स्मार्ट वॉच बांटे। तकरीबन डेढ़ सौ छात्र-छात्राओं के बीच स्मार्ट वॉच बांटी गई। गुरुवार को मोशू मोबाइल सेन्टर के मालिक मोशू ने छात्र-छात्राओं में श्रेष्ठ अंक लाने को प्रोत्साहन करने को प्रतिष्ठान में डेढ सौ छात्र-छात्राओं के बीच स्मार्ट वाच बांटी। 90 फीसदी से ज्यादा अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को स्मार्ट वाच देते हुए कहा कि वे जिले के छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन को ये कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में पढाई के प्रति रुचि जागृत हो और छात्र-छात्रायें पढ-लिखकर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करें। इसके लिए वे स्मार्ट वाच बांट रहे हैं।



स्मार्ट वाच देते मोशू।

# गाजा में यूएनआरडब्ल्यूए के साथ फलिस्तीनियों की मदद बहाल करेगा जर्मनी



जर्मनी ने बुधवार को कहा है कि वह गाजा में फलिस्तीनियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत एजेंसी के साथ सहयोग फिर शुरू करेगा. यह फैसला एक स्वतंत्र जांच में संयुक्त राष्ट्र एजेंसी यूएनआरडब्ल्यूए को दी क्लीन चिट के बाद आया है.

फ्रांस की पूर्व विदेश मंत्री काथरीन कोलोना के नेतृत्व में एक कमेटी ने इस्राएल के इन आरोपों की जांच की थी कि क्या यूएनआरड्ब्लूए के कर्मचारी 7 अक्टूबर को हमास के हमले में शामिल थे.

इस कमेटी ने सोमवार को कहा कि इस्राएल ने इन आरोपों को पुष्ट करने के लिए सबूत नहीं दिए हैं कि यूएआरडब्ल्यूए के स्टाफ गाजा के आतंकवादी गुटों में शामिल थे.

जर्मन मंत्रालयों ने यूएनआरडब्ल्यूए को रिपोर्ट के दिशानिर्देशों को तुरंत लागू करने का आग्रह किया है. जर्मनी के विदेश और विकास सहायता मंत्रालयों ने बुधवार को संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के दिशा निर्देशों को अब तुरंत लागू कर दिया जाना चाहिए. इन दिशानिर्देशों में यूएनआरडब्ल्यूए के नेतृत्व और एजेंसी को समर्थन देना शामिल है.

जर्मनी की तरफ से जारी बयान में कहा गया है, "जर्मन सरकार यूएनआरड्ब्ल्यूए के साथ ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, स्वीडन और जापान की तरह तुरंत सहयोग शुरू करेगी."

**गाजा की खराब स्थिति**

पिछले दिन, एक फलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा था कि सैटेलाइट से मिली तस्वीरों में देखा गया था कि खान यूनिस में विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर बनाया जा रहा था, जो युद्ध के दौरान एक अस्पताल में आश्रय ले रहे हैं और किसी भी सैन्य अभियान से उनका लेना-देना नहीं है.

**हमास और इस्राएल की लड़ाई का दंश झेलती महिलाएं**

यह बात इस बात का सबूत है कि गाजा में कहीं भी शरण लेने में कितनी समस्या का सामना करना पड़ रहा है. यहां के 80 फीसदी लोग जान बचाने के लिए अपने घरों को छोड़ कर बाहर निकल गए हैं. इलाके की 23 लाख की आबादी में से आधे से ज्यादा लोगों ने राफा में शरण ली है. यहां इस्राएल की ओर से जल्द ही हमला होने की आशंका है. युद्ध के चलते मध्य पूर्व में इस्राएल और अमेरिका, ईरान और उसके सहयोगी चरमपंथी गुट आमने-सामने आ गए हैं. इस्राएल और ईरान ने इस महीने एक दूसरे पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं जिससे लगने लगा था कि यह युद्ध शायद जल्दी नहीं थमेगा.

**युद्ध की शुरूआत**

इस्राएल-हमास युद्ध 7 अक्टूबर को दक्षिणी इस्राएल में एक हमले से शुरू हुआ था जिसमें हमास के लड़ाकों ने लगभग 1,200 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें ज्यादातर आम नागरिक थे. इसके साथ ही लगभग 250 लोगों का अपहरण भी किया था. इस्राएल का कहना है कि हमास ने अभी भी लगभग 100 बंधकों और 30 लोगों के शवों को अपने कब्जे में रखा है.

# अजीत डोभाल ने रूसी समकक्ष से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की



**मॉस्को।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बुधवार को रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव से द्विपक्षीय सहयोग पर जारी प्रगति की समीक्षा की। साथ ही आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। डोभाल की यह इस माह पेत्रुशेव से दूसरी बार मुलाकात है।

मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा कि डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के मौके पर पेत्रुशेव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। पोस्ट में कहा गया है, ह्यदोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।ह्ल

डोभाल ने 22 मार्च को मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए बर्बर आतंकी हमले की निंदा की थी और इस खतरे से निपटने में दोहरे मानदंडों से बचने का आह्वान किया था। इस महीने की शुरूआत में डोभाल ने अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं वार्षिक बैठक के मौके पर पेत्रुशेव से मुलाकात की थी।

# यूक्रेन ने लंबी दूरी की मिसाइल से रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को बनाया निशाना




**वाशिंगटन।** यूक्रेन ने अमेरिका से मिली लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों का पहली बार इस्तेमाल करते हुए रूस के कब्जे वाले क्षेत्रों को निशाना बनाया है। यह जानकारी अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को दी। अधिकारियों ने बताया कि पिछले सप्ताह क्रीमिया में एक रूसी सैन्य हवाई क्षेत्र और एक अन्य कब्जे वाले क्षेत्र में रूसी सेना पर बमबारी की गई। अमेरिका ने गत अक्टूबर में दोगुनी मारक क्षमता वाली मिसाइल यूक्रेन को उपलब्ध कराई थी। इन मिसाइल से 300 किलोमीटर दूरी तक के लक्ष्य पर निशाना साधा जा सकता है।

एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा हस्ताक्षरित नये सैन्य सहायता पैकेज के तहत इनमें से अधिक मिसाइल प्रदान कर रहा है। इस बीच ह्यव्हाइट चीफ ऑफ स्टाफह्ल के उपाध्यक्ष ने कहा कि यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल उपलब्ध कराने का ह्ययह सही समय है।

यूक्रेन को बढ़ते रूसी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। यूक्रेन लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली के लिए अनुरोध कर रहा था। अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई गई मिसाइल बहुत दूर स्थित रूसी लक्ष्यों पर हमला करने की महत्वपूर्ण क्षमता प्रदान करती है।

# अमेरिका ने यूक्रेन को नई लंबी दूरी की मिसाइलें सौंपी : पेंटागन




**वाशिंगटन।** पेंटागन ने बताया कि अमेरिका ने डिलीवरी पर गुप्त हस्ताक्षर मिलने के बाद यूक्रेन को एक नई लंबी दूरी की मिसाइल प्रणाली भेजी। हथियार मार्च में अमेरिका द्वारा यूक्रेन के लिए घोषित आपातकालीन सैन्य पैकेज का हिस्सा थे, लेकिन उनके अनुरोध पर यूक्रेन के लिए परिचालन सुरक्षा बनाए रखने के लिए उन्हें स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध नहीं किया गया था।

पेंटागन ने बुधवार को कहा कि रूस द्वारा उत्तर कोरिया से बैलिस्टिक मिसाइलें खरीदने और उन्हें यूक्रेन के खिलाफ इस्तेमाल करने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपनी टीम को डिलीवरी करने का निर्देश दिया था।

एटीएसीएमएस के नाम से जाना जाने वाला आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम यूक्रेन को कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में कहीं भी रूस को सुरक्षित पनाहगाह देने से इनकार करने में यूक्रेन की मदद करेगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# दक्षिणपंथ और देश में उथल पुथल से चिंतित जर्मन राष्ट्रपति


© EPA/ERDEM SAHIN

जर्मनी के राष्ट्रपति बीते कुछ सालों में देश में बढ़ते दक्षिणपंथ, रूस के साथ यूरोप की तनातनी और जर्मन लोगों के सामने आ रही नई दिक्कतों से परेशान हुए हैं.

जर्मनी राष्ट्रपतिफ्रांक-वाल्टर श्टाइनमायर ने 'वियर' यानि 'हम' शीर्षक वाली अपनी नई किताब में विविधता, उभरते दक्षिणपंथ, जलवायु परिवर्तन, रूस और युक्रेन युद्ध जैसे कई अहम मुद्दों पर बात की है. जर्मनी के राष्ट्रपति पद पर रहते हुए किताब लिखना आम बात नहीं है लेकिन फ्रांक-वाल्टर श्टाइनमायर ने यह कर दिखाया है. श्टाइनमायर पिछले सात साल से जर्मनी के राष्ट्रपति हैं.

श्टाइनमायर के अनुसार उनके इस फैसले के पीछे दो ऐतिहासिक कारण हैं. पहला, इस साल 30 मई को जर्मनी के संविधान की घोषणा के 75 साल पूरे होने वाले हैं. दूसरा इसी साल 9 नवंबर को बर्लिन की दीवार गिरने के 35 साल पूरे होने वाले हैं.

**दक्षिणपंथ के उभार का डर**

जर्मन राष्ट्रपति आम तौर पर देश से जुड़े मुद्दों में एक औपचारिक भूमिका निभाते हैं, हालांकि वह इन दिनों देश की स्थिति को लेकर असहज महसूस कर रहे हैं. कहा जा सकता है कि वह दक्षिणपंथ के उभार, लोगों की निराशा, लोकतंत्र को लेकर संदेह की स्थिति, आप्रवासन की अनसुलझी समस्याएं, कल्याणकारी राज्य और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जारी लड़ाई जैसे कई मुद्दों को लेकर चिंतित हैं.

उनकी किताब का टाइटल 'वियर' यानी हम है. किताब में उन्होंने लिखा है कि देश इस वक्त अनिश्चितताओं से घिरा है. वह लिखते हैं, "जर्मनी वह देश है जिसे हमेशा अप्रत्याशित की उम्मीद करनी चाहिए. एक ऐसा वायरस जिसने लोगों की जिंदगी को पंगु बना दिया, एक युद्ध जो सर्दियों में लोगों से घर गर्म करने की सुविधा छीन सकता है. ऐसी घटनाओं के कारण बुनियादी चीजों से भरोसा खत्म होता है."

**क्या राष्ट्रपति की भूमिका लोगों को जोड़ने की नहीं है?**

राष्ट्रपति श्टाइनमायर हमेशा जर्मनी के अलग अलग हिस्सों में जाते रहते हैं. वह छोटे शहरों और समुदायों में भी जाते रहते हैं ताकि वे उन लोगों से बात कर सकें जिनके विचार बेहद अलग हैं. आज उनके सामने दो सवाल हैं.

क्या देश का अध्यक्ष सामाजिक उथल पुथल और मौजूदा राजनीतिक विवादों पर ऐसे स्पष्ट विचार रख सकता है, जैसा उन्होंने अपनी किताब में किया है. या फिर उन्हें यहां भी सभी घटनाओं से इतर, समाज के हर स्तर पर एक पुल की तरह काम करना चाहिए

**क्या श्टाइनमायर ने सुरक्षा की झूठी भावना पैदा करने की कोशिश की है**

अगर राष्ट्रपति श्टाइनमायर अमेरिकी सुरक्षा और सस्ती रूसी गैस पर निर्भर खुशहाली और आरामदायक माहौल के बीच अगर जर्मनी की पुरानी गलतियों की ओर इशारा करते हैं तो क्या वह चीजों को बदल सकते हैं. एक विदेश मंत्री के तौर पर क्या उन्होंने एक लंबे समय तक यह सुनिश्चित किया था कि देश में सुरक्षा की एक झूठी भावना बनी रहे

2005 से 2009 तक और फिर 2013 से 2017 तक वह जर्मनी के सबसे वरिष्ठ राजनयिकों में से एक रहे. वह इस ओहदे पर तब थे जब रूस ने अंतरराष्ट्रीय कानून को तोड़ते हुए क्रीमिया पर कब्जा किया था.

**मॉस्को की कड़ी आलोचना**

श्टाइनमायर शायद इस बात की आलोचना करते कि जर्मनी के कई नेताओं ने मॉस्को से तब तक बातचीत जारी रखी थी जब तक यूक्रेन में युद्ध नहीं छिड़ गया. हालांकि वह लिखते हैं कि यह युद्ध मॉस्को की अन्यायी सत्ता को कट्टरपंथी बना रहा है. यह युद्ध आंशिक रूप से कट्टर और पंगु रूसी समाज को ऐतिहासिक गलतियों का हिस्सा बना रहा है.

लेकिन क्या ये संकेत बहुत पहले ही नजर नहीं आने लगे थे, खासकर तब जब वह विदेश मंत्री थे.

**बहुजातीय और बहुलवादी समाज का समर्थन**

जर्मनी के अधिकतर लोग किताब में लिखी गई कई बातों का समर्थन कर सकते हैं. जैसे कि जब वह लिखते हैं कि जर्मनी का समाज कभी भी एकरूपी नहीं रहा. यहां हमेशा अलग अलग देशों और संस्कृति के लोग आते रहे हैं. जो यहां आए हैं और यह उनका घर है, जिन्होंने जर्मनी की नागरिकता चुनी है वह किसी भी दूसरे नागरिक की तरह की बिल्कुल वैध नागरिक हैं.

हालांकि, दक्षिणपंथी ऐसे बयानों को अक्सर खारिज ही कर देते हैं. दक्षिणपंथ के बढ़ते उभार पर वह लिखते हैं, "हम में से कुछ लोग जबरदस्ती एकरूपता कायम करना चाहते हैं और उन नागरिकों को प्रवासी बना देना चाहते हैं जो इस ढांचे में फिट नहीं होते. ज्यादातर नागरिक ऐसी असंवैधानिक कल्पनाओं का समर्थन नहीं करते."

**सोशल मीडिया की आलोचना**

हालांकि, ऐसा मुमकिन है कि अब शायद कुछ लोग राष्ट्रपति श्टाइनमयार की सोच 'हम' से शायद सहमत ना हों और डिजिटल प्लेफॉर्म पर अपनी बनाई हुई दुनिया में एक अलग बहस कर रहे हों.

वह यहां एक समस्या की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, "हम क्या कह सकते हैं अब इसकी सीमाएं बहुत दूर जा चुकी हैं. राजनीतिक भाषा बेहद निर्मम हो चुकी है जिसे किसी का डर नहीं है. साथ ही कई ऐसे लोग भी हैं जो यह मानते हैं कि वे जो सोचते हैं वैसा खुल कर नहीं कह सकते क्योंकि उनके हर एक शब्द पर हमला किए जाने की संभावना होती है."

श्टाइनमायर चाहते हैं कि वह उन समूहों को इकट्ठा करें और उनका भरोसा सरकार पर फिर से कायम करें. वह लिखते हैं, "यह पता होना जरूरी है कि जर्मनी के बदलते परिदृश्य के लिए सिर्फ कुछ कुंठित और दुर्भावनाओं से भरे नेताओं को दोष नहीं दिया जा सकता. कोई भी जर्मन नेता दुनिया को हमारे समर्थन में पलटने का आदेश नहीं दे सकता. "जर्मनी के राष्ट्रपति की ताकतें भले ही सीमित हैं लेकिन श्टाइनमायर ने अपनी इस किताब के जरिये अपने ओहदे का इस्तेमाल चरम सीमा तक कर लिया है.

जर्मनी के भविष्य के लिए उनकी चिंता एक तरफ है लेकिन इस किताब में देश के ईमानदार विश्लेषण का पहलू गायब नजर आता है. जर्मनी एक कल्यणाकारी और संवैधानिक राज्य के साथ साथ आज भी दुनिया के सबसे अमीर देशों में शामिल है. किताब के पाठकों को ऐसा लग सकता है कि श्टाइनमायर शायद इस मुश्किल दौर में देश की मदद ना कर पाने के कारण निराश हैं. लेकिन बतौर राष्ट्रपति उनकी भूमिका औपचारिक है, इससे फर्क नहीं पड़ता कि उनके आस पास की दुनिया में कितनी उथल पुथल मची हुई है.

# नेपाल में अब सरकारी शिक्षक सक्रिय रूप से राजनीतिक कार्यक्रमों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे

**काठमांडू।** नेपाल में सरकारी शिक्षक अब सक्रिय राजनीति नहीं कर सकेंगे। सरकार ने किसी भी राजनीतिक पार्टी की सदस्यता लेने, राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा लेने और राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों में भाग पर रोक लगा दी है। शिक्षा मंत्री के इस कदम का विरोध सत्तापक्ष से जुड़े शिक्षक संगठनों ने ही नहीं, बल्कि सत्तापक्ष के बड़े नेताओं ने भी करना शुरू कर दिया है।

नेपाल की शिक्षा मंत्री सुमना श्रेष्ठ ने गुरुवार को निर्वाचन आयोग से सभी राजनीतिक दलों की केन्द्रीय कमेटी की सूची मंगवाई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकारी शिक्षकों पर राजनीतिक गतिविधि में शामिल होना कानूनन वर्जित किया गया है। इसके बावजूद कई शिक्षकों की सक्रियता राजनीतिक दलों में पाई गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग से राजनीतिक दलों की सूची मंगवाई गई है, जिसके बाद ऐसे शिक्षकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षा मंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद से ही सुमना श्रेष्ठ ने शिक्षकों के राजनीति में होने का विरोध करते हुए कानून के मुताबिक सभी सरकारी शिक्षकों को खुद को राजनीतिक दलों से अलग करने के लिए निर्देश जारी किया था। पुराने राजनीतिक दलों से आबद्ध शिक्षक संगठनों ने शुरू से ही शिक्षा मंत्री के इस कदम का विरोध किया था। अब शिक्षा मंत्री ने ऐसे सरकारी शिक्षकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है तो शिक्षक संगठनों ने भी शिक्षा मंत्री को कार्रवाई करने की चुनौती दी है।

माओवादी शिक्षक संगठन के प्रभारी स्थाई समिति के नेता देवेन्द्र पौडेल ने कहा कि शिक्षा मंत्री का यह तुगलकी फरमान है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री में हिम्मत है तो वो सरकारी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई करके दिखाएं। माओवादी पार्टी के महासचिव देव गुरूंग ने भी शिक्षा मंत्री के इस कदम को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री के कारण गठबंधन पर असर पड़ सकता है। उन्होंने सुमना श्रेष्ठ से इस विषय में पुनर्विचार करने की मांग की है।

गुरूंग ने कहा कि गठबंधन के शीर्ष नेताओं की बैठक में इस मुद्दे को उठाया जाएगा। सत्तापक्ष से जुड़े माओवादी, एमाले, एकीकृत समाजवादी, जनता समाजवादी पार्टी सभी ने शिक्षा मंत्री के इस कदम का विरोध किया है। इन दलों से जुड़े शिक्षक संगठनों अखिल नेपाल शिक्षक संगठन, एकीकृत शिक्षक संगठन, शिक्षक मंच ने शिक्षकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का विरोध किया है।

# शी चिनफिंग ने चीनी आधुनिकीकरण में छोंगछिंग का नया अध्याय जोड़ने पर बल दिया

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हाल ही में दक्षिण पश्चिमी चीन के छोंगछिंग शहर का निरीक्षण करते समय बल दिया कि छोंगछिंग को चौतरफा तौर पर सुधार और खुलापन गहराते हुए उच्च गुणवत्ता विकास पर खास जोर लगाकर चीनी शैली के आधुनिकीकरण में छोंगछिंग का नया अध्याय जोड़ना चाहिए।

उन्होंने सबसे पहले छोंगछिंग अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स हब पार्क का दौरा किया। उन्होंने लॉजिस्टिक्स को रील इकॉनॉमी की धमनियां और नसें बताया। नयी पश्चिमी भूमि-समुद्र गलियारे का निर्माण वैदेशिक खुलेपन के लिए बड़ा महत्व रखता है। विभिन्न पक्षों को समान कोशिश कर इस प्रतीकात्मक परियोजना का अच्छा निर्माण और संचालन करना चाहिए ताकि पश्चिमी चीन के उच्च स्तरीय खुलेपन को बढ़ावा मिले।

इसके बाद उन्होंने छोंगछिंग रेलवे कंटेनर केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मालगाड़ी के चालकों, ढुलाई वाले मजदूरों और केंद्र के कर्मचारियों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी चीन के जोरदार विकास के लिए लॉजिस्टिक्स महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बुधवार की सुबह शी ने छोंगछिंग सरकार की कार्य रिपोर्ट सुनी। उन्होंने कहा कि छोंगछिंग के विनिर्माण का आधार अच्छा है और प्रतिभाओं का प्रचुर संसाधन भी है। छोंगछिंग को प्रगतिशील विनिर्माण उद्योग का स्तंभ बनाने वाली आधुनिक व्यवसायिक व्यवस्था की स्थापना को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छोंगछिंग चीन में सबसे बड़ी प्रशासनिक भूमि और सबसे बड़ी आबादी वाला शहर है। छोंगछिंग को जन शहर की अवधारणा लागू कर सुपर बड़े शहर के आधुनिक प्रशासन का नया रास्ता निकालना और स्मार्ट शहर के निर्माण में तेजी लानी चाहिए।